रविवार, 25 मई 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 33 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 4:53 | सूर्यास्त: 18:13 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** हमें हार नहीं माननी चाहिए और समस्या को हमें हराने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।



भारत की एकता और अखंडता पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत : सिंधिया -पृष्ठ 7

# केंद्र, राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं: प्रधानमंत्री मोदी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वैश्विक निवेशक भारत में काफी रुचि रखते हैं और राज्यों को नीतिगत अड़चनों को दूर करके निवेश आकर्षित करने के लिए इस अवसर का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार और राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और राज्यों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए कदम उठाने चाहिए।परिषद की इस बैठक में सबसे ज्यादा राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल हुए। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि बैठक में मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया। नीति आयोग के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर को एक बार की पहल नहीं माना जाना चाहिए और हमें दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। हमें तैयारियों के लिए अपने दृष्टिकोण को आधुनिक बनाना चाहिए। बयान में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया है कि वैश्विक निवेशकों की भारत में काफी रूचि है। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों का हवाला देते हुए राज्यों को इस अवसर का उपयोग करने और निवेश के लिए चीजों को आसान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। मोदी का हवाला देते हुए नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि राज्यों पर बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वे ऐसे स्थान हैं जहां वास्तविक कार्रवाई होती है, इसलिए राज्यों को रोजगार सृजन के लिए सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''उन्हें (राज्यों को) नीतिगत अड़चनों को कम करने, पुराने और अप्रचलित कानूनों को हटाने, निवेशक अनुकूल माहौल बनाने...राज्य स्तर पर अनावश्यक विनियमनों को हटाने की आवश्यकता है।'' मोदी ने राज्यों से अंतरराष्ट्रीय सैलानियों को आकर्षित करने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कम-से-कम एक वैश्विक मानकों वाला पर्यटन स्थल विकसित करने का आग्रह किया। नीति आयोग ने प्रधानमंत्री के हवाले से 'एक्स' पर कहा, ''हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आते हैं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।'' सुब्रह्मण्यम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राज्यों से कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करने का भी आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि मोदी ने नीति आयोग से निवेश आकर्षित करने के लिए 'निवेश-अनुकूल चार्टर' तैयार करने को कहा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए राज्य स्तर पर नदी ग्रिड बनाने को कहा। उन्होंने मझोले और छोटे शहरों (टियर दो और टियर तीन) में पर्यावरण अनुकूल शहरी विकास, योजनाबद्ध शहरी नियोजन का भी आह्वान किया। बयान में कहा गया है, ''प्रधानमंत्री ने युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए उभरते क्षेत्रों में कौशल और प्रशिक्षण पर जोर दिया।'' मोदी ने साइबर सुरक्षा को एक चुनौती के साथ-साथ एक अवसर भी बताया। बयान में कहा गया, ''उन्होंने हाइड्रोजन और हरित ऊर्जा को अपार संभावनाओं और अवसरों वाला क्षेत्र बताया।'' साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### 36 में से 31 राज्य बैठक में हुए शामिल

दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि, 'हमारे 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 31 ने इस बैठक में हिस्सा लिया। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की यह अब तक की सबसे अधिक भागीदारी है...यह वास्तव में दर्शाता है कि लोग बहुत सकारात्मक सोच के साथ आए थे। पांच राज्य जो अनुपस्थित थे- कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और बिहार- हमें पहले से ही सूचित कर दिया गया था। हमें पहले से ही पता था कि वे नहीं आ रहे हैं'।

## भारत जाना चाहते हैं तो जाएं, लेकिन अमेरिका में शुल्क बिना बिक्री नहीं होगी: ट्रंप ने एप्पल से कहा



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि एप्पल यदि भारत में संयंत्र लगाना चाहता है तो ठीक है लेकिन ऐसा करने पर प्रौद्योगिकी क्षेत्र की यह कंपनी बिना शुल्क के अमेरिका में अपने उत्पाद नहीं बेच पाएगी। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब उन्होंने अमेरिकी परमाणु ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अपने कार्यालय 'ओवल ऑफिस' में कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा ''...लेकिन टिम (कुक) के साथ मेरी सहमति थी कि वह ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वह संयंत्र बनाने के लिए भारत जा रहे हैं। मैंने कहा, ''भारत जाना है, तो ठीक है लेकिन आप शुल्क के बिना यहां बिक्री नहीं कर पाएंगे' और ऐसा ही है।'' उन्होंने कहा, ''हम आईफोन के बारे में बात कर रहे हैं। अगर वे इसे अमेरिका में बेचना चाहते हैं तो मैं चाहता हूं कि इसे अमेरिका में ही बनाया जाए।'' ट्रंप ने इससे पहले शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका में बेचे जाने वाले एप्पल आईफोन का विनिर्माण अमेरिका में ही किया जाएगा, न कि ''भारत या किसी अन्य स्थान पर।'' उन्होंने धमकी दी कि अगर कंपनी इसका पालन नहीं करती है तो वह उसके उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। ट्रंप ने लिखा, मैंने बहुत पहले ही एप्पल के टिम कुक को बता दिया था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले उनके आईफोन का विनिर्माण यहीं किया जाएगा, न कि भारत में या किसी अन्य स्थान पर। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एप्पल को अमेरिका को कम से कम 25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करना होगा।'' पिछले सप्ताह ही ट्रंप ने पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा के दौरान दोहा में कहा था कि उन्होंने एप्पल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से कहा है कि वह भारत में निर्माण न करें, बल्कि अमेरिका में अपनी विनिर्माण क्षमता विकसित करें। टिम कुक के नेतृत्व वाली एप्पल कंपनी आईफोन विनिर्माण को चीन से भारत में स्थानांतरित करने पर विचार कर रही है।

## भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव को 'कश्मीर में संघर्ष' बताना गलत : जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव ''कश्मीर में संघर्ष'' नहीं था और ऐसा कहना पहलगाम हमले को अंजाम देने वालों और पीड़ित को एक ही स्तर पर रखने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में ''भयावह'' हमले का उद्देश्य ''डर की भावना पैदा करना'', जम्मू-कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र को नष्ट करना और ''धार्मिक मतभेद पैदा करना'' था। जयशंकर ने शुक्रवार देर शाम बर्लिन में 'जर्मन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस' में एक संवाद सत्र के दौरान यह टिप्पणी की। विदेशमंत्री से ''कश्मीर में संघर्ष के अंतरराष्ट्रीय निहितार्थ'' के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, ''सबसे पहले तो, यह कश्मीर में संघर्ष नहीं था, यह एक आतंकी हमला था।'' जयशंकर ने कहा, ''एक आतंकी हमला, जो एक परिपाटी का हिस्सा है जिसने न केवल केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर को बल्कि भारत के अन्य हिस्सों को भी निशाना बनाया है।'' उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जब आप इसे संघर्ष के रूप में पेश करते हैं, तो आप वास्तव में अपराधी और पीड़ित को, बिना किसी इरादे के, एक ही स्तर पर रख देते हैं।'' विदेश मंत्री ने कहा, ''इसलिए यह एक भयावह, विशेष रूप से क्रूर आतंकवादी हमला था क्योंकि इसका मकसद डर की भावना पैदा करना और कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नष्ट करना था।'' वह नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में बर्लिन में थे। जयशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ने पहलगाम हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में ''आतंकी ठिकानों'' को निशाना बनाया। उन्होंने कहा, ''हम आतंकवाद का जवाब दे रहे थे और जब हम इस तरह के हमले का जवाब देते हैं, तो मुझे लगता है कि इसमें बहुत सारी अंतरराष्ट्रीय समझ थी।''

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे यूनुस : सलाहकार

**ढाका :** मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने रहेंगे। उनके मंत्रिमंडल के एक सलाहकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। दो दिन पहले यूनुस के एक प्रमुख सहयोगी ने कहा था कि वह इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। सलाहकार परिषद की एक गैर-निर्धारित बैठक के बाद योजना सलाहकार वहीदुद्दीन महमूद ने संवाददाताओं से कहा, उन्होंने (यूनुस) यह नहीं कहा था कि वह पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा था कि हमें सौंपे गए काम और जिम्मेदारियों को पूरा करने में कई बाधाएं आ रही हैं, लेकिन हम उन पर काबू पा रहे हैं। महमूद ने कहा, वह (यूनुस) निश्चित रूप से (पद पर) बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सलाहकार अपने पद पर बने रहेंगे क्योंकि ''हमें सौंपी गई जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है; हम इस कर्तव्य से पीछे नहीं हट सकते।'' इससे दो दिन पहले यूनुस ने छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के नेताओं से कहा था कि वह इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ''मौजूदा स्थिति में वह काम नहीं कर सकते।'' उन्होंने बदलाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति न बन पाने के कारण काम करने में आ रहीं परेशानियों का हवाला दिया था।

## भारत में कोविड संक्रमण के ज्यादातर मामले हल्के प्रकृति के

**नयी दिल्ली :** कुछ देशों में मामलों में वृद्धि के बीच आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि विभिन्न राज्यों में दर्ज किए गए ज्यादातर कोविड मामले हल्के प्रकृति के हैं और मरीजों की घर पर ही देखभाल दी जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने शनिवार को स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) के सचिव और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), डीजीएचएस और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के महानिदेशक के साथ कोविड-19 मामलों की समीक्षा की। कोविड-19 के कुछ मामले मुख्य रूप से केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि राज्यों से सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) और आईसीएमआर के अखिल भारतीय श्वसन वायरस निगरानी नेटवर्क के माध्यम से कोविड-19 समेत श्वसन संबंधी बीमारियों की निगरानी के लिए एक मजबूत अखिल भारतीय प्रणाली है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, ''यह पाया गया है कि इनमें से ज्यादातर मामले हल्के प्रकृति के हैं और घर पर ही देखभाल की जा रही है।''

## कैंसर की नकली दवा की आपूर्ति से जुड़े मामले का मुख्य आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने कैंसर की नकली दवाओं की आपूर्ति से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में तीन साल से फरार एक आरोपी को पश्चिम बंगाल के रानीगंज से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान सबीर आलम के रूप में हुई है, जिसे अदालत ने पहले ही भगोड़ा घोषित कर रखा था। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि सबीर आलम हाल ही में शादी के बाद हनीमून के लिए रानीगंज गया है। अधिकारी ने बताया, इसके बाद टीम रानीगंज पहुंची और होटलों व गेस्ट हाउस की जांच शुरू की। इसी बीच 20 मई को उन्हें पता चला कि आलम ने रानीगंज से पश्चिम बंगाल के बर्धमान के कांदा जाने वाली बस पकड़ी है। इसके बाद टीम कांदा बस अड्डा पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि यह मामला पहली बार नवंबर 2022 में सामने आया था, जब कैंसर की नकली दवा रखने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने कहा कि बाद की जांच में अवैध दवा से एक बड़े गिरोह का पता चला, जिसमें दो चिकित्सकों सहित 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने कहा, सबीर आलम ने इस गिरोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह कोलकाता में कैंसर की नकली दवाओं के वितरण का समन्वय करता था और बांग्लादेश में आपूर्ति की व्यवस्था भी करता था। वहां दवाएं कथित तौर पर डॉ. रासेल को भेजी जाती थीं। पुलिस के अनुसार, आलम ने मरीजों से नकद वसूली की और अपनी हिस्सेदारी की रकम रखने के बाद बाकी पैसे डॉ. पबित्र नारायण प्रधान और शुभम मन्ना समेत गिरोह के अन्य सदस्यों को भेजे।




## बिहार के सारण जिले में सामूहिक बलात्कार के बाद नौ साल की बच्ची की हत्या

**सारण (बिहार) :** बिहार के सारण जिले में तीन नाबालिग लड़कों सहित पांच लोगों ने नौ वर्षीय एक बच्ची से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बच्ची की हत्या करने के बाद शव को जलालपुर थाना क्षेत्र के भटेशरी गांव में एक ईंट भट्टे के पास फेंक दिया। इस घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया गया है। बच्ची के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, शुक्रवार को जब वह स्कूल से लौट रही थी तब आरोपियों ने उसे जबरन पकड़ लिया, उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और फिर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया, ''लड़की से बलात्कार के बाद आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी और शव को ईंट भट्टे के पास फेंक दिया।''

## गुजरात में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ की कार्रवाई में घुसपैठिया मारा गया

**अहमदाबाद :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बल के सतर्क जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को शुक्रवार रात बनासकांठा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके सीमा बाड़ की ओर बढ़ते देखा। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''उन्होंने घुसपैठिए से रुकने को कहा लेकिन इसके बावजूद वह आगे बढ़ता रहा जिसके बाद जवानों ने गोलियां चला दीं। घुसपैठिए को मौके पर ही मार गिराया गया।''

## पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि को दिशा देने वाले सिद्धांतों का उल्लंघन किया : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने संसद की एक समिति से कहा है कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने का भारत का फैसला पाकिस्तान द्वारा समझौते को दिशा देने वाले दोस्ती और सद्भावना जैसे सिद्धांतों के उल्लंघन का स्वाभाविक नतीजा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय ने समिति से कहा है कि इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियर के पिघलने सहित जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत करना जरूरी हो गया है। सूत्रों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पहलगाम हमले में पाकिस्तान की भूमिका और आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख से अवगत कराने के लिए 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे संसदीय प्रतिनिधिमंडल भी सिंधु जल संधि को स्थगित करने के नयी दिल्ली के फैसले को जायज ठहराने के लिए यही तर्क देंगे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में कहा था कि 1960 की सिंधु जल संधि की प्रस्तावना में स्पष्ट किया गया है कि यह संधि सद्भावना और मित्रता की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों का प्रभावी रूप से उल्लंघन किया है।



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 मई, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 15:49 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 11:10 तक, योग : सौभाग्य, 11:03 तक, सूर्योदय: 4:53, सूर्यास्त: 18:13, चन्द्रोदय : 02:56, चन्द्रास्त: 16:23, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 16:31 से 18:10

## साप्ताहिक : राशिफल 25-05-25 से 31-05-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में थोड़ी परेशानियाँ आ सकती है। जिससे जातक थोड़ा तनाव महसूस कर सकता है। सप्ताह के प्रारंभ मे थोड़ी परेशानियाँ कम आ सकती है। सप्ताह के मध्य आते-आते परेशानियाँ बढ़ने लग सकती है। जातक के कई कार्य प्रभावित हो सकते है। जिससे जातक दबाव महसूस कर सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए स्थितियाँ थोड़ी चुनौतिपूर्ण हो सकती है। प्रमोशन आदि की स्थितियाँ न बनने से जातक थोड़ा दबाव महसूस कर सकता है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। जहाँ एक तरफ कार्य-व्यापार में थोड़ी शुगमता आ सकती है। वही दूसरी तरफ विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों के कारण जातक थोड़ा दबाव महसूस कर सकता है। कभी-कभी अधिक दबाव के कारण जातक तनाव महसूस कर सकता है। जिससे सिर दर्द या मानसिक उलझन जैसी परेशानी जातक पर दबाव बना सकती है। व्यवसाय आदि की दृष्टि से सप्ताह अनुकूल रहेगा लेकिन चुनौतिपूर्ण स्थितियाँ बनने के कारण लाभ आदि की स्थिति उतनी नही हो पायेंगी जितनी आशा लेकर जातक चल रहा होगा यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो लाल वस्तुओं का दान करें।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है। बात-चीत की कला में सावधानी बनाये रखे सठेबाजी से बचे नही तो जातक को हानि का भी सामना करना पड़ सकता है। छात्रों के लिए भी समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण हो सकता है। पढाई-लिखाई में भी मन कम लग सकता है। घर-परिवार में आपसी मतभेद के कारण चुनौतियाँ बढ़ सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। ईस्ट-मित्रों से सहयोग न मिलने से जातक थोड़ा चुनौती महसूस कर सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक थोड़ी शिथिलता महसूस कर सकता है। घर-परिवार में भी थोड़ी चुनौतिपूर्ण स्थितियाँ बनी रह सकती है इसलिए सोच-समझकर कार्य करे। इस सप्ताह थोड़ा स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। जातक थोड़ा परेशानी महसूस कर सकता है। इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण कार्य शिथिलता के कारण छूट सकते है या कार्यो के विलम होने से जातक तनाव महसूस कर सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। कई महत्वपूर्ण कार्य कार्य-योजनाओं का विस्तार करते समय जातक को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन अपनी सूझ-बूझ से कार्यो को अनुकूल बनाने में जातक को सफलता मिल सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय मिला-जुला रहेगा। कभी-कभी बड़े आधिकारियों का पूरा सहयोग जातक को मिल सकता है और कभी-कभी सहयोग न मिलने से जातक तनाव भी महसूस कर सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। थोड़ी बहुत चुनौतियाँ आ सकती है लेकिन कई महत्वपूर्ण कार्यों के बने से जातक राहत महसूस कर सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। अपनी सक्रियता एवं दूर-दृष्टि से जातक के कई कार्य बन सकते है। जिससे जातक राहत महसूस कर सकता है। कभी-कभी कार्य की अधिकता के कारण थोड़ा बहुत तनाव-पूर्ण स्थितियाँ भी बन सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। साहित्य, कला, संगीत में जातक का मन लग सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। निंरतर सक्रियता के कारण जातक अपनी कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। देश-विदेश की यात्रा का भी योग बन सकता है लेकिन वाहन आदि सावधानिपूर्वक चलाये नही तो चोट-चपेट लग सकती है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने पर बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक का महत्व बढ़ सकता है। जातक यदि राजनीति में होगा तो कोई बड़ा पद पाने में सफल हो सकता है यदि सरकारी सेवा में होगा तो प्रमोशन आदि का लाभ जातक को मिल सकता है। खिलाड़ियों के लिए भी समय उत्तम हो सकता है। किसी महत्वपूर्ण खेल प्रतिस्पर्धा में जातक को बड़ी विजय मिल सकती है। सेना, पुलिस या किसी प्रशासनिक सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। जमीन-जायदाद एवं अचल सम्पत्ति में वृद्ध हो सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा यद्यपि गुरू की दृष्टि के कारण जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते है लेकिन शनि की ढईया के कारण कई महत्वपूर्ण कार्यों के बनेन में विलम हो सकता है इसलिए सावधानी बनाये रखे। स्वास्थ्य आदि पर ध्यान बनाये रखे। पैर आदि में दर्द या नशों में तनाव के कारण जातक थोड़ा दबाव महसूस कर सकता है लेकिन अपनी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को पटरी पर लाने में जातक को सफलता मिल सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा अनुकूल रहेगा। जातक का मन उत्साहित रहेगा। कई बड़े एवं महत्वपूर्ण योजनाओं को पटरी पर लाने में जातक सफल हो सकता है। जमीन-जायदाद खरिदने का भी योग बन सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। प्रमोशन आदि का भी लाभ जातक को मिल सकती है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल है। किसी महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा में बड़ी विजय मिल सकती है। हनुमान जी पूजा करने से स्थितियाँ अधिक अनुकूल हो सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। परिश्रम की अधिकता हो सकती है लेकिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के बनने से जातक उत्साहित बना रह सकता है। निरंतर सक्रियता से कई कार्य जो अधूरे रह गये थे उसे पूरा करने में जातक को सफलता मिल सकती है समय और परिस्थितियाँ कई कार्य-योजनाओं में चुनौतियाँ खड़ी कर सकती है लेकिन जातक अपने परिश्रम से स्थितियों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। आर्थिक स्थितियों को मजबूत बनाने व्यापार आदि के मध्यम से चुनौतियों के साथ बड़ा धन लाभ कमाने में जातक सफल हो सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जहां घरेलू सुख-सुविधाओं के चक्कर में अधिक व्यय होने का योग बन सकता है जिससे आर्थिक चुनौतियों का सामना जातक को करना पड़ सकता है लेकिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के बने से जातक को राहत महसूस हो सकती है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों से भी सावधानी बनाये रखे नही तो वे जातक को लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। व्यापार आदि की दृष्टि सप्ताह थोड़ा चुनौतिपूर्ण हो सकता है इसलिए सोच-समझकर ही पूंजी निवेश करे।

## झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में एक ही परिवार के चार सदस्य मृत मिले, आत्महत्या की आशंका

**जमशेदपुर :** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में एक ही परिवार के चार सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कृष्ण कुमार (40), उनकी पत्नी डोली देवी (35) और उनकी नाबालिग बेटियों के शव शुक्रवार रात आदित्यपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया के चित्रगुप्त नगर स्थित उनके घर में फंदे से लटके मिले। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर आत्महत्या की आशंका जताई है। अधिकारियों ने बताया कि गम्हरिया स्थित एक इस्पात संयंत्र में वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में काम करने वाले कृष्ण कुमार को हाल ही में कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था, जिसके बाद से वे मानसिक रूप से काफी तनाव में थे।

## राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी, बाड़मेर में पारा 47.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**जयपुर :** राजस्थान के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर जारी है जहां शनिवार को कई जगह अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को बाड़मेर 47.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा। सीमावर्ती जैसलमेर में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह अधिकतम तापमान बीकानेर में 46.6 डिग्री सेल्सियस, फलोदी में 46.4 डिग्री सेल्सियस और जोधपुर में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चूरू और जयपुर में यह क्रमश: 45 और 42 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आगामी दिनों में तापमान और बढ़ने का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इसके अनुसार सीमावर्ती क्षेत्रों में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान में आगामी 48 घंटों में 1-2 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होने व इसके 48 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज होने की भी संभावना है।

## बिहार: हत्या, डकैती के मामलों में वांछित गैंगस्टर पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**भागलपुर :** बिहार के भागलपुर जिले में हत्या और डकैती के कई मामलों में वांछित एक गैंगस्टर पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ में मारा गया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुदेव मंडल उर्फ फूफा को शुक्रवार रात रंगरा थाना क्षेत्र के मुरली चौक के पास विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और नौगछिया पुलिस के संयुक्त अभियान में मार गिराया गया। एडीजी (एसटीएफ) कुंदन कृष्णन ने बताया कि मंडल पुलिस पर हमले समेत कई मामलों में वांछित था।

# उत्तर प्रदेश 'विकसित भारत' लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है : आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि राज्य 2047 तक विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आदित्यनाथ ने नयी दिल्ली में भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उत्तर प्रदेश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुख्यमंत्री



आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर कहा, ''आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक में सहभाग कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।'' उन्होंने कहा, ''बैठक में विकसित भारत 2047 के लिए विकसित राज्य विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ।'' आदित्यनाथ ने कहा, ''प्रधानमंत्री के यशस्वी मार्गदर्शन में विकसित भारत-विकसित राज्य के पुनीत लक्ष्य की सिद्धि में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश 'टीम इंडिया' के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ यो-गदान देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।''

## वाराणसी में तेंदुए ने 24 घंटे के भीतर तीन लोगों पर हमला किया

### वन विभाग ने पकड़ने के लिए जाल लगाया

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र में तेंदुए ने पिछले 24 घंटे के अंदर हमला करके तीन लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। चौबेपुर पुलिस ने बताया कि तेंदुए ने शुक्रवार की सुबह एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। बाद में तेंदुए ने दो अन्य लोगों को भी घायल कर दिया, जिनका सरकारी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) स्वाति सिंह ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं। सिंह ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए 'ट्रेंकुलाइजर गन' (बेहोश करने में इस्तेमाल होने वाली बंदूक) और जाल लखनऊ से मंगाया गया है। जगह-जगह जाल और पिंजरा लगाया गया है। वरुणा जोन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रमोद कुमार ने बताया कि चौबेपुर क्षेत्र में तेंदुए की सूचना मिलने के बाद इलाके को घेर लिया गया है और लोगों को बेवजह घर से बाहर ना निकलने की सलाह दी गयी है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश कर रही है।

## पति के साथ वीडियो कॉल पर बात के दौरान महिला ने की आत्महत्या

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गीडा थाना क्षेत्र में एक युवती ने सऊदी अरब में काम करने वाले अपने पति के साथ वीडियो कॉल पर बात के दौरान कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे गीडा थाना क्षेत्र के पिपरौली में हुई। बिहार के सिवान जिले की मूल निवासी खुशी (28) ने चार साल पहले गोरखपुर जिले के बांसगांव के नदीम अंसारी से प्रेम विवाह किया था। अंतरधार्मिक विवाह के कारण यह जोड़ा पिपरौली में किराए के मकान में रह रहा था। सूत्रों के अनुसार सऊदी अरब के मदीना में कार्यरत नदीम हाल ही में घर लौटा था, लेकिन नौ मई को फिर से चला गया। शुक्रवार रात खुशी ने अपने तीन वर्षीय बेटे आसिफ को सुला दिया और नदीम को वीडियो कॉल किया। कथित तौर पर दोनों के बीच बहस हुई, जिसके बाद रात 10:59 बजे कॉल कट गई। चिंतित नदीम ने पड़ोसी छोटू को बुलाया, जिसने दरवाजा बंद पाया। खिड़की से झांककर देखा तो खुशी फंदे से लटकी हुई थी।

## बिहार में दो गुटों के बीच झड़प में तीन लोगों की हत्या

**बक्सर :** बिहार के बक्सर जिले में शनिवार सुबह दो गुटों के बीच मामूली विवाद को लेकर हुई झड़प में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में सुबह करीब पांच बजे सड़क किनारे रेत और अन्य निर्माण सामग्री रखने को लेकर बहस के बाद दोनों गुटों के बीच हिंसा हुयी। उसने बताया कि झड़प में घायल हुए दो लोगों का इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम आर्य ने कहा, झड़प सड़क किनारे रेत और अन्य निर्माण सामग्री रखने को लेकर हुई।

## सरना कोड को मान्यता और जनगणना में शामिल करने की मांग को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**रांची :** झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरना धर्म कोड को मान्यता देने की मांग को लेकर सोमवार को रांची में राजभवन के बाहर प्रदर्शन करेगी। पार्टी सांसद सुखदेव भगत ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को कहा कि जनजातीय लोगों द्वारा अपनाये जाने वाले सरना धर्म को आगामी जनगणना का हिस्सा होना चाहिए। लोहरदगा से सांसद भगत ने कहा, ''सरना कोड आदिवासियों की आस्था, परंपरा और धार्मिक पहचान से जुड़ा है। इसकी मान्यता की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन भाजपा इस मुद्दे पर चुप रही है।'' उन्होंने कहा कि देश में जनजातीय लोगों की आबादी लगभग 15 करोड़ है और वे प्रकृति की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा, ''जनगणना में हालांकि उनका कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख, जैन और बौद्ध आबादी के लिए कॉलम हैं। देश में जैन आबादी लगभग 40 लाख है और उनके लिए एक अलग कॉलम है। फिर भी, आदिवासियों की आस्था के लिए कोई अलग कॉलम नहीं है।''

## समाजवादी पार्टी का मतलब लठैतवाद : केशव मौर्य

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की आलोचना करते हुए उसे लठैतवाद का पर्याय बताया। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मौर्य पर पलटवार करते हुए कहा कि कितनी भी कोशिश कर लें आपको शिखर नहीं मिलेगा। उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सुबह 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सपा मतलब 'लठैतवाद', कांग्रेस मतलब 'छद्मवाद' और भाजपा मतलब 'प्रखर राष्ट्रवाद'। मौर्य के इस पोस्ट के कुछ घंटे बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा के कथित अंदरूनी कलह की ओर इशारा करते हुए 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, एक तो प्रधान बनाम मुख्य की प्रतिस्पर्धा है, दूसरी मुख्य बनाम उप की और तीसरी उप बनाम उप की। ये सब एक-दूसरे से आगे



निकलने की होड़ में भड़काऊ बयान दे रहे हैं। अखिलेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्रियों पर अप्रत्यक्ष रूप से यह कटाक्ष किया। यादव ने मौर्य द्वारा भाजपा को प्रखर राष्ट्रवाद कहे जाने पर तंज कसते हुए कहा, जिनको आप कह रहे हैं 'प्रखर', उन्हीं की वजह से आप रहे हैं 'बिखर', कितनी भी कोशिश कर लें आपको नहीं मिलेगा 'शिखर'। इसी पोस्ट में यादव ने मौर्य को सलाह देते हुए कहा, करें कुछ अच्छा काम, न दें खोखले-से बयान! ख़ुद का और अपने समाज का कराएं सम्मान!

## बिहार: सारण में 'ऑर्केस्ट्रा' समूहों में जबरन शामिल की गईं 17 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया

**सारण (बिहार) :** बिहार के सारण जिले में पुलिस ने छापेमारी कर ऑर्केस्ट्रा समूहों में नाचने के लिए जबरन शामिल की गईं 17 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में पांच ऑर्केस्ट्रा संचालकों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि मुक्त कराई गईं नाबालिगों में आठ पश्चिम बंगाल, चार ओडिशा, दो-दो झारखंड और दिल्ली तथा एक बिहार की निवासी है। पत्रकारों से बात करते हुए सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने कहा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपी-सीआर) से एक पत्र प्राप्त होने के बाद, कई गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मशरख, पानापुर और इसुआपुर में छापेमारी की और 17 लड़कियों को बचाया, जिन्हें ऑर्केस्ट्रा समूहों में नृत्य करने के लिए मजबूर किया गया था। एसपी ने बताया कि छापेमारी बृहस्पतिवार और शुक्रवार को की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सभी बचाई गई लड़कियों के परिवार वालों को भी सूचित कर दिया है। उन्होंने बताया, पुलिस ने इस सिलसिले में पांच ऑर्केस्ट्रा संचालकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## भदोही में वृद्ध दंपति को सप्ताह भर 'डिजिटल अरेस्ट' रखकर 15 लाख रुपये की ठगी

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पिपरीस निवासी एक वृद्ध दंपति को एक सप्ताह तक 'डिजिटल अरेस्ट' रखकर 15 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' होने की घटना 21 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच की है। उन्होंने बताया कि 70 वर्षीय शीतला प्रसाद यादव के मोबाइल नंबर पर एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस थाने से सीबीआई अधिकारी नरेश गोयल बताया और यादव से कहा कि उनके बैंक खाते से करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है। पुलिस अधीक्षक मांगलिक के मुताबिक उस व्यक्ति ने शीतला प्रसाद को गिरफ्तार करने की धमकी देते हुए उनके बैंक खाते के विवरण की जानकारी ली और उनसे 9,85,000 रुपये आरटीजीएस के जरिये राजस्थान के खिन्नवसार नगर के पंजाब नेशनल बैंक में महेंद्र नाम के व्यक्ति के खाते में डलवाए। उन्होंने बताया कि इसके बाद उस व्यक्ति ने शीतला प्रसाद की पत्नी के खाते में जमा 5,10,000 रुपये कानपुर जिले के किदवई नगर में यूको बैंक में रेहाना राइन नाम की महिला को आरटीजीएस करने को कहा जिस पर उन्होंने इस रकम को भी 28 अप्रैल को भेज दिया।

## पंजाब: गिरफ्तार आप विधायक रमन अरोड़ा को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया

**चंडीगढ़ :** जालंधर नगर निगम के एक अधिकारी के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार में कथित रूप से संलिप्त रहने के लिए गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक रमन अरोड़ा को जालंधर की एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। अरोड़ा के वकील दर्शन सिंह ने बताया कि सतर्कता ब्यूरो ने 10 दिन की पुलिस रिमांड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने पांच दिन की रिमांड मंजूर कर ली। इससे पहले शुक्रवार को सतर्कता ब्यूरो ने जालंधर में अरोड़ा के घर पर छापा मारा और पूछताछ के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। अरोड़ा (54) जालंधर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने



शुक्रवार को बताया कि सतर्कता ब्यूरो के जालंधर रेंज कार्यालय ने अरोड़ा को 'जालंधर नगर निगम के एक अधिकारी के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने के आरोप में' गिरफ्तार किया है। प्रवक्ता ने बताया कि इंजीनियर्स एवं बिल्डिंग डिजाइनर एसोसिएशन, जालंधर के तीन पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित एक संयुक्त शिकायत पंजाब सतर्कता ब्यूरो को 14 मई को प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जालंधर नगर निगम के सहायक नगर योजनाकार (एटीपी) सुखदेव वशिष्ट अक्सर उनसे अवैध रिश्वत की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि आरोप है कि जब भी वह अपने क्षेत्र में जाते हैं तो लोगों को धमकाते हैं कि उनकी इमारतों को सील कर दिया जाएगा और ध्वस्त कर दिया जाएगा।

## झारखंड में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए

**लातेहार (झारखंड) :** झारखंड के लातेहार जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 'झारखंड जन मुक्ति परिषद' (जेजेएमपी) का शीर्ष नेता पप्पू लोहरा समेत दो नक्सली मारे गए। पप्पू पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ में एक नक्सली और एक पुलिसकर्मी घायल भी हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायल पुलिसकर्मी अवध सिंह को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए हवाई मार्ग से रांची ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) प्रमुख लोहरा जेजेएमपी का उप-जोनल स्वयंभू कमांडर प्रभात गंझू अभियान के दौरान मारे गए। पुलिस ने बताया



कि गंझू पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संयुक्त अभियान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और झारखंड पुलिस द्वारा लातेहार पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत इच्छाबार वन क्षेत्र में चलाया गया। पलामू के पुलिस उपमहानिरीक्षक वाई एस रमेश ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। पुलिस ने उनके शव बरामद कर लिए हैं।'' रमेश ने बताया कि अभियान के दौरान घायल हुए नक्सली समूह के एक अन्य वांछित सदस्य आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## वर्ग पहेली नं. 3102

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | ■ | ■ | | ■ | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| ■ | 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | | 27 | ■ | 28 | |
| 29 | | 30 | ■ | | ■ | 31 | 32 | ■ | |
| | ■ | 33 | | | | ■ | 34 | | |

*बायें से दायें:-* 1) शिक़ायत; याचिका, 3) बहानेबाज़ी, 6) निराधार; अधरस्थित, 7) एक तिलहन, 9) निराश, 12) दया, 14) राजसी, 16) सौ वस्तुओं का समूह, 18) सावधान, 20) शामियाना की दीवार, 22) सूर्योदय का देश, 24) सरिता, 25) हरामकारी ; दुराचार, 28) आधा, 29) जुब्बा, 31) रक्तवर्णीय, 33) दुष्कीर्ति, 34) घड़ा.

*ऊपर से नीचे:-* 1) आग्रही निवेदन, 2) फ़ौज का दस्ता, 3) थुक्का फ़ज़ीहत, 4) रिश्तेदारी, 5) कार्यदिशा; *पालिसी*, 8) अफ़वाह-बाज़, 10) खिसकना, 11) चुपकी, 13) नई मूँछ, 14) एक मांसाहारी समुद्री प्राणी जिसका बड़ा शरीर लंबा होता है, 15) गुज़रबसर, 17) भाग्य, 19) व्यग्र, 21) इस बीच, 23) अभिवंदन, 24) एक पांडव, 26) मूँदना, 27) भीगा, 30) साहस, 32) बंद *(ताला)*; संलग्न.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | च | प | न | ■ | गु | ला | ब | ■ | अ |
| रि | ■ | ह | ट | क | ना | ■ | द | र्श | क |
| चा | व | ल | ■ | द | ह | श | त | ■ | सी |
| रि | ■ | वा | चा | ली | ■ | ह | र | ओ | र |
| का | न | न | ■ | ■ | वे | द | ■ | झ | ■ |
| ■ | गी | ■ | रो | हि | त | ■ | ब | ल | वा |
| ब | ना | व | टी | ■ | न | र | क | ■ | न |
| धा | ■ | सू | ■ | ता | ■ | स | रा | स | र |
| ई | ■ | ली | च | ड़ | ■ | द | ■ | भी | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3059

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 8 | 6 | | | |
| | 6 | | 7 | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | 4 | | |
| | | | | | 4 | | 8 | 9 |
| | | | 6 | | | 7 | | |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| | 4 | 6 | | 3 | | | 5 | |
| | | | | | 1 | | | |
| | | | 5 | | | | 3 | 7 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3058 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 9 |
| 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |

## टोक्यो में भारतीय समुदाय से मिले सांसद अभिषेक बनर्जी, कहा...

# ‘पहलगाम हमले पर भारत ने जिम्मेदार और निर्णायक जवाब दिया’



**टोक्यो/कोलकाता :** टोक्यो में ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री डेलिगेशन के साथ भारतीय समुदाय से संवाद के दौरान डायमंड हार्बर के सांसद और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया को स्पष्टता, दृढ़ता और जिम्मेदारी से प्रेरित बताया।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले दो सप्ताह तक जवाब का इंतजार किया, इस उम्मीद के साथ कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। लेकिन जब न्याय की उम्मीद टूटी, तो भारत ने सटीक और लक्षित हवाई हमले किए। इन हमलों में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया गया, और एक भी नागरिक हताहत नहीं हुआ।

अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भारत का यह कदम उसके राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाता है–दृढ़ संकल्प, सम्मानजनक कार्रवाई और जिम्मेदार व्यवहार। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक विचारधाराएं भिन्न हो सकती हैं, लेकिन जब बात देश की हो, तो न कोई पक्ष होता है और न विपक्ष–सभी एकजुट होते हैं।

उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपील की कि वे पहलगाम हमले की त्रासदी पर सिर्फ शोक न करें, बल्कि अपने समुदायों में इस पर चर्चा करें, क्योंकि जागरूकता ही न्याय की ओर पहला कदम है।

अंत में उन्होंने कहा, पड़ोसी हमारे चयन में नहीं होते, लेकिन हम सच बोलने, एकजुट रहने और सबूतों के साथ खड़े रहने का विकल्प चुन सकते हैं। यही भारत है, जिसमें मैं विश्वास करता हूं और जिसकी सेवा हम सब करते हैं।

उन्होंने अपने संबोधन का समापन जय हिंद के नारे के साथ किया।

## बंगाल में फिर कोरोना की दस्तक, मगराहाट में दो संक्रमित



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में कोरोना की दस्तक देने की खबर है। राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले के मगरा हाट–2 ब्लॉक में एक किशोर और बुजुर्ग महिला के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मगराहाट के ब्लॉक दो के उत्तर राधानगर खा पारा इलाके की 60 वर्षीय महिला और ईश्वरीपुर इलाके की एक किशोर में संक्रमण के शिकार हुए। शुरुआत में, उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी। जब दो लोग इलाज के लिए मगराहाट ग्रामीण अस्पताल आए, तो मगराहाट ग्रामीण अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों ने देखा कि उन्हें सांस लेने में समस्या और सर्दी–खांसी का संक्रमण है। दोनों को कोरोना वायरस परीक्षण के लिए डायमंड हार्बर जिला अस्पताल भेजा गया। फिर, वे दोनों डायमंड हार्बर अस्प–ताल आये। और फिर जब वे बीमारी का कारण जानने गए तो पता चला कि वे दोनों कोरोना पॉजिटिव थे। इस संबंध में, मगराहाट ग्रामीण अस्पताल के बीएमओएच डॉक्टर हीरक रॉय खबर की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल दोनों संक्रमित अपने घर पर ही हैं और उनकी स्थिति सामान्य है। हम लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं। ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र को भी अलर्ट पर रखा गया है। कोरोना के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों को संक्रमण से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि डरने की कोई बात नहीं है।

## नकली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए नवान्ना का सख्त निर्देश, अब हर दवा दुकान पर होगी निगरानी



**कोलकाता :** राज्य में नकली और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए नवान्ना (राज्य सचिवालय) ने कड़ा कदम उठाया है। अब दवा दुकानों में सीधे जाकर निरीक्षण करेंगे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

सूत्रों के अनुसार, नवान्ना के निर्देश पर हर जिले में दवा दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस विशेष अभियान में यह देखा जाएगा कि कहीं दुकानों में प्रतिबंधित या नकली दवाएं तो नहीं बेची जा रही हैं।

प्रत्येक जिले में यह अभियान संबंधित जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में चलेगा। दुकानों में जाकर दवाओं की जांच की जाएगी और अगर किसी तरह की अनियमितता पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।

नवान्ना की ओर से यह भी स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि निरीक्षण के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपी जाए।

स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की यह पहल जनता को नकली दवाओं के खतरे से बचाने के लिए एक अहम कदम मानी जा रही है।

# ...तो माइक्रोफोन प्रकरण की वजह से नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुईं ममता!

### नीति आयोग की पिछली बैंठक के बीच में ममता भाषण के दौरान माइक्रोफोन बंद करने का आरोप लगाकर निकल आई थीं बाहर



**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शनिवार को नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने से राज्य की सियासत गरमा गई है, हालांकि अधिकारिक रूप से ममता बनर्जी की ओर से बैठक में शामिल नहीं होने की वजह नहीं बताई गई है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस सूत्रों ने बताया है कि आखिर ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में क्यों शामिल नहीं हुई हैं? नीति आयोग की पिछली बैठक में ममता बनर्जी शामिल हुई थी, लेकिन उन्होंने उनके भाषण के दौरान माइक्रोफोन बंद कर देने का आरोप लगाते हुए बैठक छोड़कर बाहर निकल आयी थीं। कहा जा रहा है कि यही वजह है कि इस बार ममता बनर्जी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुई हैं। हालांकि उस समय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने माइक्रोफोन बंद करने के ममता के आरोपों को खारिज कर दिया था। नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री के शामिल न होने को लेकर तृणमूल नेता व प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि जहां नीति आयोग की बैठक में संघीय ढांचे के अनुरूप सभी के बयानों पर चर्चा होनी चाहिए। वहां पिछली बार माइक बंद करके घिनौनी घटना घटी थी। ऐसे में बैठक में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि क्या वहां अपमानित होने के लिए जाएंगी? और आप बंगाल के बारे में कहां बात कर सकते हैं? मुख्यमंत्री बंगाल की वंचना को उजागर कर रही हैं। वहां जबरन माइक बंद करके केंद्र क्या कहना चाह रहा है? इससे बुरी घटना पहले कभी नहीं हुई। मुझे नहीं पता कि भविष्य में ऐसा होगा या नहीं।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने पर भाजपा–कांग्रेस ने मुख्यमंत्री की आलोचना

नयी दिल्ली में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शामिल नहीं होने पर विपक्षी भाजपा और कांग्रेस ने उनकी आलोचना की। भाजपा के राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह राज्य के लोगों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री ने बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। इस बैठक में कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भाग ले रहे हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने से राज्य के लोग वंचित रह गए, क्योंकि वहां पश्चिम बंगाल के मुद्दे नहीं उठाए जाएंगे। राज्य सरकार ने कई ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने का मौका गंवा दिया है, जो पश्चिम बंगाल के लिए महत्वपूर्ण हैं। वहीं, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री बैठक में शामिल होतीं, तो वह कई मुद्दे उठा सकती थीं।

## डेडलाइन सोमवार : शिक्षा मंत्री से नहीं हुई मुलाकात तो आंदोलन तेज करेंगे बर्खास्त शिक्षक

कोलकाता, समाज्ञा

एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) की नियुक्तियों में अनियमितताओं के चलते नौकरी से बर्खास्त किए गए शिक्षक–शिक्षिकाओं ने एक बार फिर शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु से मुलाकात की मांग उठाई है। इन शिक्षकों का साफ कहना है कि अगर सोमवार तक शिक्षा मंत्री ने मिलने का समय नहीं दिया, तो वे मजबूरन व्यापक आंदोलन की राह पकड़ेंगे। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने बताया कि वे कई बार शिक्षा मंत्री को ई–मेल कर चुके हैं और औपचारिक रूप से पत्र भी सौंपा गया है। इसके बावजूद, अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है, न ही मिलने का समय तय किया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे अपनी समस्याओं और भविष्य की अनिश्चितता पर चर्चा के लिए शिक्षा मंत्री से सीधी बातचीत करना चाहते हैं। उनका यह भी आरोप है कि सरकार बार–बार उन्हें अनदेखा कर रही है, जबकि वे केवल न्याय और रोज़गार की बहाली की मांग कर रहे हैं। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम कोई विशेष मांग नहीं कर रहे हैं, केवल वही नौकरी वापस चाहते हैं, जिसे हमने मेहनत से पाया था। अगर अब भी सरकार चुप रही, तो सोमवार के बाद आंदोलन को तेज करना हमारी मजबूरी होगी।

## न्यूटाउन में आम तोड़ने को लेकर विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन इलाके में शनिवार की सुबह चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की पीट–पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुषांत राय के रूप में हुई है, जबकि आरोपित बड़े भाई प्रशांत राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना से इलाके में इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों भाई सुषांत और प्रशांत अपने–अपने परिवारों के साथ पास–पास रहते थे। प्रशांत राय के घर के आंगन में एक आम का पेड़ है। शनिवार की सुबह सुषांत आम तोड़ने गया था, इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि प्रशांत ने कथित तौर पर गुस्से में आकर भारी वस्तु से सुषांत के सिर पर हमला कर दिया। आरोप है कि झगड़े के दौरान बीच–बचाव करने आई सुषांत की पत्नी को भी चोटें आई हैं। हमले के बाद सुषांत मौके पर ही गिर पड़ा। परिवार के लोगों ने आनन–फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही टेकनोसिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपित प्रशांत राय को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि दोनों भाइयों के बीच पहले से कोई पुराना विवाद चल रहा था या नहीं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

# कोलकाता, सुंदरवन के बाद अब हसनाबाद के आसमान में दिखा ड्रोन!

### इलाके में दहशत का माहौल, पुलिस और बीएसएफ अलर्ट मोड में



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में भारत–बांग्लादेश सीमा से सटे हसनाबाद थाना अंतर्गत कांटाखाल इलाके में एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती मिली है। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि बांग्लादेश की ओर से एक नहीं बल्कि तीन ड्रोन भारतीय सीमा में दाखिल हुए और कुछ देर तक उड़ान भरने के बाद लौट गए। घटना शुक्रवार की रात की है, जब कांटाखाल पुल पर कुछ युवक बैठे हुए थे। उन्हीं युवकों ने दावा किया कि उन्होंने आसमान में एक ड्रोन को उड़ते हुए देखा, जो स्पष्ट रूप से बांग्लादेश की दिशा से आया था और भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया। सतर्क युवकों ने इस ड्रोन की तस्वीरें और वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिए। ड्रोन की इस घुसपैठ की सूचना मिलते ही हसनाबाद थाना पुलिस और हिंगलगंज थाना की टीम सक्रिय हो गई और तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। वहीं, स्थानीय बीएसएफ कैंप से भी जवान मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू की गई। पुलिस और बीएसएफ अधिकारियों ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित किया है। सूत्रों की मानें तो बीएसएफ ने ड्रोन की गतिविधियों की जांच के लिए टेक्निकल यूनिट को भी अलर्ट कर दिया है। सीमा क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद कांटाखाल और आसपास के गांवों में डर और संशय का माहौल बन गया है। ग्रामीणों को आशंका है कि इन ड्रोन का संबंध तस्करी, जासूसी या किसी आपराधिक साजिश से हो सकता है। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद बीएसएफ ने कांटाखाल क्षेत्र में अपनी गश्त बढ़ा दी है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को सीमावर्ती इलाकों में तैनात किया गया है और रात में निगरानी के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त टीम इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। मोबाइल में कैद वीडियो की भी फॉरेंसिक जांच करवाई जाएगी ताकि ड्रोन की दिशा, मॉडल और उड़ान अवधि की जानकारी मिल सके। उच्च सुरक्षा एजेंसियों को भी इस मामले की रिपोर्ट भेजी गई है।

**Name Change**

I, Parbin Devi, wife of Late Ganesh Bahadur, residing at 307, 3rd floor, 27, Thakurdas Ghosh Street, Liluah, Howrah-711204, do hereby solemnly affirm and declare that Parbin Devi and Prabin Devi is same and one identical person via affidavit before the Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 29th April 2025.

## महिला डिब्बों की संख्या बढ़ाने की मांग पर मथुरापुर में रेल अवरोध



**कोलकाता, समाज्ञा :** मथुरापुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब बड़ी संख्या में महिला यात्रियों ने रेल ट्रैक पर बैठकर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी। यह विरोध प्रदर्शन सियालदह दक्षिण शाखा की ट्रेनों में महिला डिब्बों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर किया गया। सुबह लगभग 6 बजे शुरू हुए इस अवरोध की वजह से करीब डेढ़ घंटे तक इस रूट पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बाधित रहा। सूचना मिलते ही मथुरापुर थाने की पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (जीआरपी) मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात की। महिला यात्रियों का आरोप है कि लक्ष्मीकांतपुर से सियालदह के लिए चलने वाली सुबह 5.50 की लोकल ट्रेन में महिला डिब्बों की संख्या बेहद कम है, जिससे रोजाना सफर के दौरान उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि डिब्बों में इतनी भीड़ होती है कि बैठना तो दूर, खड़े रहना भी मुश्किल हो जाता है। इसके कारण महिलाओं के बीच अक्सर कहासुनी और धक्का–मुक्की की नौबत आ जाती है। आक्रोशित महिलाओं ने रेलवे लाइन पर बैठकर अवरोध शुरू किया और महिला डिब्बों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। आखिरकार पुलिस के आश्वासन के बाद लगभग डेढ़ घंटे बाद अवरोध हटाया गया और ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले इसी मथुरापुर स्टेशन पर पुरुष यात्रियों ने भी प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि महिला डिब्बों की संख्या बढ़ाने से पुरुष यात्रियों को जगह नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। अब महिला यात्रियों ने उसी मुद्दे पर विरोध जताया है, जिससे रेलवे प्रशासन की नीति पर सवाल उठ रहे हैं।

## कैनिंग में लापता युवक का रक्तरंजित एवं क्षत-विक्षत शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के कैनिंग थाना अंतर्गत हाटपुकुरिया पंचायत के भोलेया गांव में लापता एक युवक का रक्तरंजित एवं क्षत–विक्षत शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान शकीरुल मोल्ला (27) के रूप में की गई है। आरोप है कि उसका पड़ोसी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक के परिवार का आरोप है कि पड़ोसी ने उसकी हत्या की है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि पड़ोसी मिया मंडल का हाटपुकुरिया के भोलेया गांव के युवक शकीरुल मोल्ला के साथ डेढ़ लाख रुपये का जमीन संबंधी लेनदेन था। आरोप है कि दोनों के बीच जमीन और पैसों के लेन–देन को लेकर भी विवाद था। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि शकीरुल मोल्ला शुक्रवार की शाम से लापता था। रात में विभिन्न स्थानों पर खोजबीन के बावजूद उसका पता नहीं चला। शनिवार की सुबह युवक का शव उसके घर के पास पड़ा मिला। आरोप है कि उसके हाथ और पैर पर कई घाव थे। मृतक के परिवार का आरोप है कि शकीरुल का अपहरण कर उसकी ’हत्या’ कर दी गई। आरोप है कि मिया मंडल, मिजानुर मंडल और मोसिउर मंडल ने पैसे लेकर यह काम किया। शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की जानकारी मिलने पर कैनिंग थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव बरामद कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद से आरोपी कथित तौर पर फरार हैं। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश जारी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इँजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :– निविदा सूचना संख्या : EL-MWS-GKP-2025-26-04, निविदा सं. एवं कार्य का विवरण : EL-MWS-GKP-2025-26-04, प्रोविजन आफ हाई कैपिसिटी आई०वी० कपलर (500 एम्पियर) एण्ड 150 स्क्वायर एम०एम० फीडर केबुल फॉर 2000 कोचेज एण्ड पावर कार्स (पी०बी० आइटम नं० 734/2024–25) क्वांटिटी एलॉटेड–150 नं० ए०सी० कोचेज फॉर एम०डब्ल्यू०एस०/जी०के०पी०, अनुमानित लागत : Rs. 3,24,89,727/-, बयाने की राशि : Rs. 3,12,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 18 महीना।

• आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 16.06.2025 समय 11:00 बजे तक • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य यांत्रिक ईंजीनियर/रिपेयर (कार.)/पू.उ.रे./गोरखपुर

मुजाधि/विद्युत –40

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## नकाशीपाड़ा में ईंट भट्टे से कुछ दूरी पर महिला मजदूर का झूलता शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के नकाशीपाड़ा थाना अंतर्गत मालुम गाछा स्थित एक ईंट भट्टे से एक महिला मजदूर का लटकता शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान राशमणि किस्कू के रूप में की गई है। बताया गया है कि स्थानीय निवासियों ने महिला का शव ईंट भट्टे से 200 मीटर दूर एक आम के पेड़ से लटका हुआ पाया। इलाके में भारी हंगामा मच गया। खबर पुलिस तक पहुंची। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ईंट भट्ठे का मालिक भी खबर सुनकर दौड़ा हुआ आया। महिला को बेथुआधारी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए शक्तिनगर मुर्दाघर भेज दिया गया। हालांकि, मौत के कारण को लेकर संशय बना हुआ है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह आत्महत्या थी या हत्या। क्षेत्र के निवासियों से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, महिला का घर बिहार में है। महिला मालुम गाछा स्थित ईंट भट्टे पर लगभग छह महीने से काम कर रही थी। पुलिस उनसे उनकी मां की मौत का कारण भी जानने की कोशिश कर रही है।

## 12 जुलाई को होगा कोलकाता हाई कोर्ट के सर्किट बेंच के स्थायी भवन का उद्घाटन



**कोलकाता :** कुछ दिन पहले ही कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश खुद जलपाईगुड़ी के पहाड़पुर जाकर तैयारियों का जायजा लिया था। अंतिम चरण के कार्यों से संतुष्ट होकर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। लेकिन उस समय उद्घाटन की तिथि स्पष्ट नहीं थी। अब यह तय हो गया है कि कोलकाता हाईकोर्ट के सर्किट बेंच के स्थायी भवन का उद्घाटन आगामी 12 जुलाई को होने जा रहा है।

यह सर्किट बेंच जलपाईगुड़ी के पहाड़पुर में निर्मित किया गया है और इसके उद्घाटन में केवल डेढ़ महीने का समय शेष है। सूत्रों के अनुसार, इस समारोह में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के विधि मंत्री की उपस्थिति संभावित है।

शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सात अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में राज्य सरकार के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंथ, वित्त और लोक निर्माण विभाग के सचिव, तथा एडीजी लॉ एंड ऑर्डर भी मौजूद थे। बैठक में उद्घाटन समारोह की रूपरेखा और आयोजन से जुड़ी तमाम तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे आयोजन को सफल बनाने की पहल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वयं की है।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# डेबरा में गैस टैंकर विस्फोट, सात गंभीर रूप से घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के डेबरा प्रखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 के अर्जुनी इलाके में शनिवार की सुबह एक गैस टैंकर में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी। इस हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और आसपास के कई घरों व वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब एक गैस टैंकर अचानक फट गया, जिसे काम के लिए गैराज में खड़ा किया गया था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विस्फोट इतना जबरदस्त था



कि इसकी आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। तेज धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में अपने घरों से बाहर निकल आए। विस्फोट के कारण एक स्कूल बस और दो लॉरियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा, आसपास के कई घरों की दीवारों में दरारें आ गईं और कुछ मकानों को आंशिक नुकसान भी पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के बाद इलाके में धुआं और धूल का गुबार छा गया, जिससे कुछ देर के लिए दृश्यता भी प्रभावित हुई। घटना की सूचना मिलते ही डेबरा थाना पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। बचाव दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है और चिकित्सक उनकी निगरानी कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ने घटनास्थल को सील कर दिया है और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव या तकनीकी खराबी को विस्फोट का कारण माना जा रहा है।

## भाजपा को नंदीग्राम समवाय चुनाव में मिली बड़ी जीत

### 60 सीटों में से 42 सीटों पर कब्जा, तृणमूल को मिले 18 सीट

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर जिले में स्थित नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हुए अमरातला समवाय कृषि विकास समिति के निदेशक मंडल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त जीत दर्ज की है। भाजपा ने कुल 60 सीटों में से 42 सीटों पर कब्जा जमाया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस केवल 18 सीटों तक ही सिमट गई। शनिवार को हुए इस चुनाव के नतीजों के बाद से ही भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। भाजपा के तमलुक संगठनात्मक ज़िले के महासचिव प्रलय पाल ने कहा कि नंदीग्राम के हिंदू समाज ने अब जागरूकता दिखाई है, इसी कारण हमें इतनी बड़ी जीत मिली है। अगर पूरे राज्य में यही जागरूकता आई तो 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आएगी। अमरातला



समवाय समिति के इस चुनाव में कुल 1550 मतदाता पंजीकृत थे। मतदान सुबह से ही कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक शुरू हुआ और शाम तक चला। चुनाव के दौरान कहीं से भी किसी बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस इस परिणाम को बहुत महत्व नहीं दे रही है। पार्टी के स्थानीय नेता शेख सफिउल ने कहा कि हमारी पार्टी ने इस चुनाव को ज्यादा प्राथमिकता नहीं दी थी। भाजपा ने धनबल और डर का सहारा लेकर यह जीत हासिल की है। इसके बावजूद हमने 18 सीटों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हमारी ही होगी।

## वी ने कोलकाता में पेश किया भारत का पहला ट्रुली अनलिमिटेड डेटा प्लान 'नॉन स्टॉप हीरो'

**कोलकाता :** भारत के दूरसंचार सेवा प्रदाता वी कोलकाता शहर में लेकर आए हैं भारत का पहला ट्रूली अनलिमिटेड डेटा प्लान' वी नॉनस्टॉप हीरो। प्रीपेड उपभोक्ताओं की डेटा कोटा खत्म होने की समस्या को हल करने के लिए डिज़ाइन किया गया नॉनस्टॉप हीरो प्लान वैलिडिटी की पूरी अवधि के दौरान डेटा का चिंतामुक्त अनुभव प्रदान करता है। मात्र रु 398 की शुरूआती कीमत पर वी नॉन स्टॉप हीरो प्लान अब कोलकाता में उपलब्ध है, जो विभिन्न उपभोक्ताओं की ज़रूरतों के अनुसार रीचार्ज पैक लेकर आता है। कोलकाता के अलावा वी नॉनस्टॉप हीरो प्लान्स आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, महाराष्ट्र एवं गोवा, असम एवं उत्तर पूर्व और उड़ीसा में भी उपलब्ध है।

## व्यवसायी पर पेट्रोल छिड़कर लगाई आग, दो गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** व्यापारिक विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर एक व्यवसायी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का आरोप लगाया गया है। उसकी दुकान को भी आग लगा दी गई। इस घटना से मेदिनीपुर कोतवाली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत केरानिचती इलाके में व्यापक दहशत फैल गई। घायल लॉटरी व्यापारी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज व अस्प-ताल में भर्ती कराया गमा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दो दिन पहले लॉटरी डीलर सुरजीत साउर का इंद्रकुरी इलाके में एक फास्ट फूड बिक्रेता से फुटपाथ -पर दुकान लगाने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस के हस्तक्षेप से फास्ट फूड बिक्रेता की दुकान को लॉटरी बिक्रेता की दुकान से दूर हटा दिया गया। ऐसा माना जा रहा है कि उस घटना के बाद गुस्से में आकर लॉटरी डीलर सुरजीत साउ ने शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटना के बाद दोनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। लॉटरी डीलर को जली हुई हालत में मेदिनीपुर मेडिकल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद दोनों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों लोगों के घर मेदिनीपुर शहर के इंट्कुरी मैदान के पास हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये दो लोगों के नाम आकाशमुखी और अमरनाथ पाखीरा है। बाद में, घायल व्यक्ति की हालत बिगड़ने पर उसे कोलकाता के एक पीजी में रेफर कर दिया गया।

## भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन से भारत-भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर करने का मौका

**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से भारत-भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर की एक अनोखी और अविस्मरणीय यात्रा 28 जून 2025 से प्रारंभ हो रही है। यह विशेष यात्रा दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और पूर्वोत्तर भारत की आध्यात्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समेटते हुए भूटान के शांत और सुरम्य स्थलों तक यात्रियों को लेकर जाएगी। इस यात्रा का पहला पड़ाव गुवाहाटी होगा, जहाँ यात्री नीलाचल पहाड़ियों में स्थित प्राचीन और पवित्र कामाख्या मंदिर के दर्शन करेंगे। यह मंदिर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और देवी उपासकों के लिए श्रद्धा का केंद्र है। गुवाहाटी से आगे यात्रा शिलांग की ओर बढ़ेगी, जिसे 'पूर्व का स्कॉटलैंड' कहा जाता है। यहाँ यात्री प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता का



आनंद लेंगे। इसके बाद चेरापूंजी की एक दिवसीय यात्रा कराई जाएगी, जहाँ 'सेवन सिस्टर्स जलप्रपात', 'नोहकलिकाई फॉल्स' और 'एलिफेंट फॉल्स' जैसे विख्यात प्राकृतिक स्थल यात्रियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके बाद समूह शिलांग वापस लौटेगा। इसके बाद, यात्रा अपने अंतरराष्ट्रीय चरण में प्रवेश करेगी। पश्चिम बंगाल के हासीमारा रेलवे स्टेशन पर उतरने के पश्चात यात्री सड़क मार्ग द्वारा भूटान में प्रवेश करेंगे, जहाँ वे फुंटशोलिंग के रास्ते थिंपू पहुँचेंगे। थिंपू पहुँचने के बाद यात्रियों को आसपास के वातावरण को जानने और स्थानीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा, रात्रि विश्राम की व्यवस्था वहीं होगी। थिंपू में स्थानीय महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा, जिसमें मोतीथांग चिड़ियाघर, नेशनल लाइब्रेरी, पारंपरिक चित्रकला विद्यालय, हस्तशिल्प बाज़ार और भव्य चोए दूज़ोंग जैसे स्थल शामिल हैं। इसके बाद यात्रा हिमालय की बर्फीली चोटियों से होते हुए ऐतिहासिक दोचू ला दर्रा के माध्यम से पुनाखा की ओर बढ़ेगी। पुनाखा में यात्री प्रसिद्ध पुनाखा दूज़ोंग देखेंगे, जो फो चू (पुरुष नदी) और मो चू (स्त्री नदी) के संगम पर स्थित है और भूटान के सबसे सुंदर व विशाल दूज़ोंग में से एक माना जाता है। भूटान यात्रा का अंतिम चरण पारो में सम्पन्न होगा, जो अपनी सीढ़ीनुमा धान के खेतों, पारंपरिक फार्महाउसों और गहन आध्यात्मिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। पारो में यात्रा के दौरान यात्रियों को लामपेरी रॉयल बॉटनिकल पार्क, भूटान की यूनेस्को टेंटेटिव सूची में शामिल तामचोग ल्हाखांग आयरन ब्रिज, विश्वप्रसिद्ध टाइगर्स नेस्ट मठ (तकत्संग ल्हाखांग) और भूटान का राष्ट्रीय संग्रहालय देखने को मिलेगा, जो इस हिमालयी राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रदान करता है। यात्रा को और अधिक यादगार बनाने के लिए यात्रियों को भूटान के राष्ट्रीय खेल तीरंदाज़ी (आर्चरी) का अनुभव कराया जाएगा, साथ ही पारंपरिक हॉट स्टोन बाथ में विश्राम की सुविधा भी दी जाएगी। इसके पश्चात समूह भूटान से विदा लेकर भारत लौटेगा और अगले दिन दिल्ली पहुँचेगा। यह सुव्यवस्थित टूर पैकेज ट्रेन यात्रा (विभिन्न श्रेणियों में), 3-स्टार श्रेणी के होटलों में रात्रि विश्राम, सभी दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, शुद्ध शाकाहारी भोजन और ऑनबोर्ड व ऑफबोर्ड सुविधाओं के साथ एक समृद्ध और निर्बाध अनुभव प्रदान करता है। अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए www.irctctourism.com/bharatgaurav पर विजिट करें।

## डोमजूर में स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**हावड़ा :** डोमजूर थाना अंतर्गत सलप मोड़ पर स्थित टीसी मोटर्स ऑटोमोबाइल कंपनी में स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर करीब 100 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण और नेत्र जांच कराया। इस कार्यक्रम में जीएम सृंजय साहा, मैनेजिंग डॉयरेक्टर रोहित चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे। जीएम साहा ने कहा कि इस मौके पर कर्व डार्क एडिशन गाड़ी का लॉन्च भी किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस 2025 पर हावड़ा मंडल ने चलाया प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें जागरूकता अभियान

**कोलकाता :** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें विषय पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के दिशा-निर्देशन में किया गया और इसे हावड़ा, बर्द्धमान, रामपुरहाट, आजिमगंज, श्रीरामपुर, तारकेश्वर, बंडेल, बोलपुर स्टेशनों के साथ-साथ गुलमोहर और बामनगाछी रेलवे कॉलोनियों में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एकल उपयोग वाली प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करना और रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के



लिए प्रेरित करना था। इस अभियान में रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों, यात्रियों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों में संवादात्मक सत्र, शिक्षाप्रद सामग्रियों का वितरण और प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पर्यावरण के अनुकूल उत्प-ादों की प्रदर्शनी शामिल थी।

कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता थी टिकाऊ कचरा प्रबंधन पद्धतियों और पुनर्चक्रण के लाभों का प्रचार-प्रसार। लोगों को यह दिखाने के लिए प्रदर्शनियां लगाई गईं कि कैसे दैनिक जीवन में उत्पन्न होने वाले कचरे का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया जा सकता है। साथ ही, पुन: प्रयोग योग्य वस्तुओं को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत जिम्मेदारी को लेकर भी जागरूक किया गया।

इस पहल के माध्यम से हावड़ा मंडल ने पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और समुदाय-स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में अपनी भूमिका को मजबूत किया। यह अभियान राष्ट्रीय और वैश्विक पर्यावरणीय प्रयासों के साथ हावड़ा मंडल के संरेखण को दर्शाता है, जो एक स्वच्छ और हरित भविष्य के निर्माण में सहायक है।

## मिनखा में बवंडर से लोगों में दहशत

**कोलकाता, समाज्ञा**

मिनखा ब्लॉक के चैतल नेरुली क्षेत्र में अचानक बवंडर उठने के कारण लोगों में दहशत फैल गया। स्थानीय लोगों ने उक्त दृश्य को अपने मोबाइल में कैद कर लिया। लोगों ने बताया कि, तालाब से पानी का एक विशाल पिंड अचानक एक बवंडर के तौर पर आकाश की ओर तेज आवाज के साथ ऊपर उठा। धीरे-धीरे पानी ऊपर की ओर बढ़ने लगा, जिससे स्थानीय लोगों में अत्यधिक दहशत फैल गई।

यह दृश्य किसी फिल्म जैसा था - ग्रामीण इलाकों में लोगों ने ऐसा प्राकृतिक दृश्य पहले कभी नहीं देखा था। मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड वीडियो का यह दृश्य सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुका है। कुछ मिनट तक चली बवंडर जैसी घटना जैसे ही समाप्त हुई, लेकिन आसपास का क्षेत्र में नुकसान जरुर हुआ है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए तथा छोटे-छोटे मकानों की छतें उड़ गईं। अभी तक किसी के गंभीर रूप से घायल होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह जल चक्र हो सकता है, जो आमतौर पर पानी के ऊपर बनता है और जमीन से टकराने पर बवंडर में बदल जाता है। लोग पहले तो समझ ही नहीं पाते कि क्या हो रहा है। उक्त बवंडर केवल कुछ मिनट का था लेकिन अपने पीछे दहशत जरूर छोड़ गया।

## सामान्य मॉनसून, कम महंगाई और टैक्स में कटौती से बढ़ेगी मांग : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल, भारत के सबसे भरोसेमंद वित्तीय सेवा संगठनों में से एक, ने अपनी नई इंडिया स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय बाजार ने काफी तेजी से रिकवरी दर्ज की है, और पिछले छह हफ्तों में निफ्टी ने 10% का रिटर्न दिया है। हाल के महीनों में एफआईआई बिकवाली के कारण बाजार बेहद दबाव में थे। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के अब तक के परिणाम उम्मीदों से बेहतर रहे हैं, जिसमें एबिटा और पीबीटी (तेल और गैस को छोड़कर) क्रमशः 5.1% और 9.2% से अनुमान से अधिक रहे हैं। पीएल कैपिटल की रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर ने उन्नत हवाई युद्ध, मिसाइल सिस्टम और ड्रोन तकनीक का शानदार उपयोग दिखाया है। निश्चित रूप से इससे मेक इन इंडिया की रणनीतिक अहमियत में बढ़ोतरी हुई है।

## पश्चिम बंगाल में विशाल रक्तदान शिविर एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन की संयुक्त पहल पर आज अलीपुर, दक्षिण 24 परगना जिला मुख्यालय में एक भव्य एवं प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दक्षिण 24 परगना जिले के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता, जिला परिषद के सह-सभापति सीमांत कुमार माली, पश्चिम बंगाल के परिवहन राज्य मंत्री दिलीप मंडल समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम ने न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनजागृति फैलाने का कार्य किया, बल्कि छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा के प्रति उत्साह भी बढ़ाया।

## बी.बी.डी. बाग प्रोफेशनल एसोसिएशन का तृतीय अधिवेशन संपन्न

**कोलकाता :** सिटी सेंटर स्थित रॉयल बंगाल रूम सभागार में बी.बी.डी. बाग प्रोफेशनल एसोसिएशन का तृतीय अधिवेशन संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 450 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता उद्योगपति संजीब पटवारी ने की। संस्था के अध्यक्ष डॉ. पारस कोचर ने कार्यकलापों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था मात्र 4 वर्ष पुरानी है और दूसरे वर्ष में ही सभागार निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

अधिवेशन के अध्यक्ष सीए प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि 25 लाख रुपये का आर्थिक संग्रह किया गया। उपाध्यक्ष सीए प्रमोद अग्रवाल, सीए नीलिमा जोशी, सीए राजेंद्र व्यास, एडवोकेट गोपाल व्यास व सीए अपूर्व माहेश्वरी की अहम भूमिका



रही।

प्रथम सत्र में फेनिल साह ने एआई पर व्याख्यान दिया (सेशन चेयर: संजीव सांघी), द्वितीय सत्र में एडवोकेट कपिल गोयल ने धारा 148 पर वक्तव्य दिया (सेशन चेयर: डॉ. कोचर) तथा अंतिम सत्र में अनिल सिंघवी व संदीप टंडन ने कैपिटल मार्केट और निवेश पर चर्चा की।

अधिवेशन में सीए अशोक माहेश्वरी, राकेश धनीवाल, सीए ललित सराफ, सीए कमल सोमानी, सीए महादेव अग्रवाल, सीए चंद्र भानु सिन्हा, सीएस रवि वर्मा, सीए पंकज वर्मा, सीए श्याम अग्रवाल, सीए मुस्कान सेठिया व सीए हर्ष सतीश उदेशी उपस्थित रहे।

## सुन्दरबन जिला पुलिस की पहल पर आयोजित हुआ 'लाइसेंस मेला 2025'



**कोलकाता :** सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है, विशेषकर बाइक दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। इनमें से कई मामलों में चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने के कारण वे सरकारी सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। इसी समस्या के समाधान हेतु सुंदरबन जिला पुलिस के स्वागत में थाना प्रशासन और काकद्वीप क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सहयोग से सागर थाना के ओसी अर्पण नायक के प्रयासों से शनिवार सुबह 10 बजे 'लाइसेंस मेला 2025' का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में 100 मोटरसाइकिल चालकों को लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा। उनके साथ जिला परिषद के सदस्य संदीप कुमार पात्र सहित कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। लर्नर लाइसेंस वितरित करने के पश्चात मंत्री महोदय ने सागर थाना द्वारा उठाए गए इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया और इसे एक सकारात्मक कदम बताया जो सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

## हावड़ा मंडल ने मनाया गौरवशाली सेवा का शताब्दी उत्सव: 1925 से 2025 तक रेलवे उत्कृष्टता को समर्पित एक सदी

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने अपनी गौरवशाली सेवा के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। वर्ष 1925 में स्थापित इस मंडल ने 1 जनवरी 2025 को अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया और इस अवसर को चिह्नित करने के लिए अप्रैल 2025 से ही मंडल भर में कई स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सियालदह स्थित डॉ. बी. सी. रॉय ऑडिटोरियम में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जहां पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवस्कर की उपस्थिति में हावड़ा मंडल की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक आवरण का विमोचन किया गया।

हावड़ा मंडल की स्थापना ब्रिटिश भारतीय सरकार द्वारा 1925 में ईस्ट इंडियन रेलवे के अधिग्रहण के बाद हुई थी। यह छह प्रमुख मंडलों में से एक था जिसे एकीकृत रूप रेलवे प्रशासन के अंतर्गत गठित किया गया था। एक सदी में इस मंडल ने क्षेत्रीय संपर्क, आर्थिक



विकास और रेलवे की विरासत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

24 मई को आयोजित भव्य समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवस्कर, उनकी पत्नी एवं पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष सीमा देवस्कर, मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी, मेट्रो रेलवे महिला कल्याण संगठन (एमआरडब्लूडब्लूओ) की अध्यक्ष बी. श्रीलता, हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार और पश्चिम बंगाल सर्किल के पोस्टमास्टर जनरल रिजु गांगुली उपस्थित थे।

इस अवसर पर शताब्दी वर्ष की स्मृति में कॉफी टेबल बुक और स्मारिका का भी विमोचन किया गया, जिसमें हावड़ा मंडल की समृद्ध विरासत और पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। इन पुस्तकों का लोकार्पण पूर्व रेलवे, मेट्रो रेलवे और हावड़ा मंडल के शीर्ष अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों का स्लाइड प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया, जिससे इस आयोजन में और अधिक रंग भर गया।

एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समारोह को और भी जीवंत बना दिया। हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने इस अवसर पर हावड़ा के पूर्व डीआरएम सोमनाथ मुखर्जी, सुमित नरूला और मनीष जैन को सम्मानित किया। सोमनाथ मुखर्जी, जो 2000 से 2001 तक हावड़ा मंडल के डीआरएम रहे, रेलवे बोर्ड में एडिशनल मेंबर (कॉमर्शियल) के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

इस ऐतिहासिक शताब्दी समारोह को यादगार बनाने के लिए हावड़ा मंडल ने कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें नया प्रतीक चिह्न (लोगो) का अनावरण, प्रमुख स्टेशनों पर प्रभात फेरी, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, सभी कर्मचारियों को स्मृति चिह्न स्वरूप जूट बैग का वितरण, रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, ऐतिहासिक तस्वीरों से सजी राजधानी इंजन की प्रदर्शनी आदि शामिल हैं।

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देवस्कर ने अपने संबोधन में हावड़ा मंडल द्वारा शताब्दी समारोह की योजना और सफल आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में सभी हितधारकों और रेलवे प्रेमियों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ भाग लिया और यह आयोजन हावड़ा मंडल के गौरवशाली इतिहास की सशक्त अभिव्यक्ति बन गया।

## एनसीसी के एडीजी ने माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली दार्जिलिंग की कैडेट की सराहना की

**कोलकाता, समाज्ञा :** एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विवेक त्यागी ने हाल में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले एनसीसी के पर्वतारोहण दल का हिस्सा रही दार्जिलिंग निवासी 21 वर्षीय कैडेट प्रतिमा राय के जब्जे की शुक्रवार को सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के प्रेरणा का स्त्रोत बताया। एन-सीसी के पर्वतारोहण दल ने 18 मई की सुबह पौने पांच बजे सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी। एडीजी ने बंगाल निदेशालय की कैडेट प्रतिमा राय की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल एक उत्कृष्ट उपलब्धि के रूप में अपना नाम हमेशा के लिए अंकित कर दिया है, बल्कि हमारे युवाओं के लिए वह प्रेरित की स्त्रोत हैं। शुक्रवार को एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली तस्वीरों को साझा करते हुए अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा- एवरेस्ट पर चढ़ना सिर्फ़ ताकत की परीक्षा नहीं थी- यह एक घोषणा थी! हमारे दृढ़ निश्चयी एनसीसी कैडेट्स ने साबित कर दिया कि जब युवा साहस और उद्देश्य के साथ आगे




बढ़ते हैं, तो सबसे ऊंची चोटियां भी सम्मान में झुक जाती हैं। बंगाल का गौरव, सेंट जोसेफ कालेज, दार्जिलिंग की हमारी कैडेट प्रतिमा राय इस विजयी उपलब्धि का हिस्सा हैं, जो उनके धैर्य, साहस और जुनून को दर्शाती है। उन्होंने एक उत्कृष्ट उपलब्धि के रूप में अपना नाम हमेशा के लिए अंकित कर दिया है। वे हमारे युवाओं को भी प्रेरित करना जारी रखेंगी। मालूम हो कि दार्जिलिंग के घूम की रहने वाली एनसीसी कैडेट प्रतिमा राय सेंट जोसेफ कालेज में राजनीतिक विज्ञान के दूसरे वर्ष की छात्रा हैं।

# पत्नी पर आरोपों के बाद अब सुकांत ने तृणमूल नेताओं पर दो मतदाता पहचान पत्र होने का लगाया आरोप

## कहा... तृणमूल ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को भी उपलब्ध कराए हैं मतदाता पहचान पत्र

**कोलकाता :** अपनी पत्नी पर अलग-अलग स्थानों के दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोपों की चुनाव आयोग द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री व बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से जुड़े दो नेताओं पर दो जगहों के मतदाता होने का आरोप लगाया है। सुकांत ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में इसका दावा करते हुए बंगाल में मतदाता सूची की वर्तमान स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की।



उन्होंने दावा किया कि युवा तृणमूल नेता सौरभ सरदार 116 विधाननगर, भाग 269 परिणितक समाज सदन क्रमांक 419 और 116 विधाननगर भाग 270 परिणितक समाज सदन क्रमांक 781 के मतदाता हैं।

दूसरा नाम उन्होंने बिप्लब पालित का बताया और कहा कि वे मंत्री सुजीत बसु के करीबी हैं। सुकांत ने कहा कि बिप्लब पालित बेलेघाटा पार्ट 306 मोहिनी विद्यालय में क्रमांक 38 और 116 विधान नगर पार्ट 269 प्रांतिक समाज सदन में क्रमांक 216 का मतदाता है। सुकांत ने दावा किया कि तृणमूल के ये दोनों लोग दो निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता हैं। जब चुनाव आएगा तो वे तृणमूल को दो बार वोट देंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके अलावा, तृणमूल ने कई लोगों को अलग-अलग जगहों के दो वोटर कार्ड उपलब्ध कराए हैं। जैसे अंसारुल्लाह बांग्ला उग्रवादी संगठन के सदस्यों को दो विधानसभा क्षेत्रों - फरक्का और मुर्शिदाबाद में मतदाता बनाना। इसके अलावा, तृणमूल ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराए हैं। अंत में उन्होंने लिखा- बंगाल में ऐसे होती है वोटिंग!

मालूम हो कि सुकांत की पत्नी कोयल मजूमदार पर हाल में अलग-अलग स्थानों के दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगा है। शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने आरोप की जांच शुरू कर दी है। आरंभिक जांच में इसकी पुष्टि हुई है कि कोयल के पास अलग-अलग ईपिक नंबर वाले दो मतदाता पहचान पत्र हैं। एक बालुरघाट और दूसरा

# मंदिर में खिचड़ी खाने निकले थे छह बच्चे, रास्ता भटके, हावड़ा से तीन घंटे में बरामद

**हुगली, समाज्ञा :** गंगाधरपुर स्थित एक ईंटभट्ठा में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के छह बच्चे लापता हो गए। सभी की उम्र चार से आठ वर्ष के बीच है। बताया गया कि वे पास के एक मंदिर में खिचड़ी खाने गए थे, लेकिन लौटे नहीं। बच्चों के नहीं लौटने पर परिजन ने आसपास तलाश की लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद ईंटभट्ठा मालिक तारक कर्मकार ने चंडीतला थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई। एसडीपीओ तमाल सरकार के नेतृत्व में तीन टीमें बनाई गईं, जिन्होंने स्टेशन, अस्पताल और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तलाश शुरू की। करीब तीन घंटे बाद सूचना मिली कि हावड़ा के निश्चिंदा थाना क्षेत्र में बच्चों को देखा गया है। पुलिस ने वहां से बच्चों को सुरक्षित बरामद कर चंडीतला थाना लाया। थाना प्रभारी अनिल राज ने बच्चों को खाने-पीने



की चीजें दीं और कपड़े भी उपलब्ध कराए। ईंटभट्ठा से वाहन भेजकर परिजनों को थाना बुलाया गया और बच्चों को सौंपा गया। पुलिस ने बताया कि बच्चे रास्ता भटक कर बारुईपाड़ा स्टेशन पहुंच गए थे। वहां से ट्रेन पकड़कर निश्चिंदा स्टेशन पहुंचे और वहीं घूमते रहे। एसडीपीओ ने बताया कि तीन प्रवासी परिवारों के छह बच्चों को तीन घंटे के भीतर बरामद किया गया। बच्चों को पाकर परिवारों ने राहत की सांस ली। ईंटभट्ठा मालिक ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और बच्चों को सुरक्षित लौटाया, इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। पिछले पांच वर्षों से ये मजदूर झारखंड से यहां काम करने आते हैं और सीजन खत्म होने पर लौट जाते हैं।

### उलूबेड़िया के बंद मकान में चोरी



**हावडा, समाज्ञा :** उलूबेड़िया थाना अंतर्गत केलतला इलाके में एक बंद मकान में चोरी की घटना हुई है। जानकारी के अनुसार, मकान मालकिन आमा दोलई बुधवार को अपनी बेटी की ससुराल गयी थीं। शुक्रवार की रात घर लौटने पर देखा कि मकान का दरवाजा टूटा हुआ है। कमरे में आलमारी के सामान बिखरे पड़े थे। उन्होंने बताया कि चोरों ने आलमारी के लॉकर को तोड़कर नकदी और गहनों की चोरी की है। घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## श्रावणी मेले की तैयारी तेज, श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता

**हुगली, समाज्ञा :** तारकेश्वर में आगामी श्रावणी मेले को लेकर शनिवार को सिंगूर पंचायत समिति सभागार में एक उच्चस्तरीय प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बार प्रयागराज कुंभ मेले जैसी घटनाओं से सबक लेते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मेले में भीड़ अधिक होने की संभावना है, इसलिए पूर्व से ही सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त की जाएंगी। बैद्यबटी-तारकेश्वर मार्ग पर 35 लोहे के लॉकगेट लगाए जाएंगे और पूरे मार्ग में रोशनी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। एम्बुलेंस सेवा को सुदृढ़ करने हेतु 25 अतिरिक्त एम्बुलेंस, टोटो, और बाइक एम्बुलेंस की तैनाती होगी। मोबाइल नेटवर्क सुधारने के लिए टेलीकॉम विभाग से समन्वय किया जाएगा। रात्रिकालीन लोकल ट्रेनों के संचालन और




कामारकुंडु से बर्दवान तक विशेष ट्रेनें चलाने के लिए रेलवे को पत्र भेजा गया है।

सीसीटीवी कैमरे, सड़क मरम्मत, नाली सफाई और गंगा घाट की सुविधाओं को भी बेहतर किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत क्षेत्र में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का अनुरोध स्वास्थ्य विभाग से किया गया है। साथ ही एक डिजिटल गाइड मैप जारी किया जाएगा जिसमें मार्ग की सुविधाएं और जरूरी नंबर शामिल होंगे। भंडारा आयोजित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी दी जाएगी। बैठक में मंत्री बेचाराम मन्ना, जिलाधिकारी मुक्ता आर्य, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कमनाशीष सेन, जिला परिषद अध्यक्ष रंजन धारा सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बंगाल के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों पर अत्याधुनिक सुविधाओं से यात्री गदगद

- **कल्याणी घोषपाड़ा, पानागढ़ और जयचंडी पहाड़ स्टेशनों का कायाकल्प देख यात्री हैरान**
- **पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों में हैं दिव्यांगों के अनुकूल अत्याधुनिक सुविधाएं**




**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मई को बंगाल के जिन तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया, उन सभी का कायाकल्प कर जिस प्रकार अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर कलात्मक रूप प्रदान किया गया है, उससे यात्री काफी गदगद हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित इन स्टेशनों में कल्याणी घोषपाड़ा (सियालदह मंडल), पानागढ़ (आसनसोल मंडल) और जयचंडी पहाड़ (आद्रा मंडल) शामिल हैं।

कल्याणी घोषपाड़ा व पानागढ़ स्टेशन पूर्व रेलवे के अंतर्गत आते हैं, जबकि जयचंडी पहाड़ दक्षिण पूर्व रेलवे में आता है। दोनों जोन का मुख्यालय कोलकाता में है। इन स्टेशनों को दिव्यांगजन की सुविधाओं के भी अनुकूल बनाया गया है। सियालदह मंडल अंतर्गत कल्याण घोषपाड़ा स्टेशन की बात करें तो यहां यात्रियों के लिए नवीनीकृत कानकोर्स, विश्राम कक्ष, नया शौचालय, नए बुकिंग काउंटर, प्लेटफार्म शेड, हाई लेवल प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। करीब चार करोड़ रुपये की लागत से इस स्टेशन को आधुनिक रूप से पुनर्निर्मित किया गया है और सौंदर्यीकरण के साथ नए स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है, जो लोगों को खासा आकर्षित कर रहा है।

कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशन से रोजाना यात्रा करने वाली एक महिला यात्री ने बताया कि स्टेशन का कायाकल्प व अत्याधुनिक सुविधाएं देख मैं बेहद खुश व हैरान हूं। मुझे लगता है कि अब मैं किसी एयरपोर्ट या बड़े शहरों के स्टेशनों पर आ गई हूं। अन्य यात्रियों ने भी स्टेशन के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण की प्रशंसा की। नदिया जिले में कल्याणी घोषपाड़ा उपन-गरीय स्टेशन है, जो कोलकाता तथा अन्य जिलों से संपर्क प्रदान करता है। यह स्टेशन कल्याणी विश्वविद्यालय, मेडिकल और इंजीनियरिंग कालेज और कल्याणी एम्स जैसे संस्थानों में बेहतर आवागमन की सेवा देता है। इस स्टेशन का अमृत भारत योजना के अंतर्गत व्यापक रूप से कायाकल्प किया गया है। स्टेशन पर नई इमारत, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांगों के लिए रैंप की सुविधा और प्लेटफार्म का भी उन्नयन किया गया है।

इसी तरह पुरुलिया जिले में स्थित जयचंडी पहाड़ स्टेशन यात्रियों और माल ढुलाई के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है, जो पर्यटकों को अन्य पर्यटन स्थलों जैसे जयचंडी पहाड़ी, जलप्रपात और मंदिरों से जोड़ता है। इस स्टेशन को मधुबनी चित्रकला से सजाया गया है।

वहीं, पश्चिम बद्र्धमान जिले में स्थित पानागढ़ स्टेशन, एयर फोर्स स्टेशन अर्जन सिंह के पास स्थित है और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से यात्रियों को सेवा प्रदान करता है।

## तृणमूल कांग्रेस ने जापान के टोक्यो में रास बिहारी बोस के समाधि स्थल की 'खराब' स्थिति पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के नेता साकेत गोखले ने शनिवार को जापान में भारतीय राजदूत से आग्रह किया कि वह टोक्यो स्थित अंतिम संस्कार स्थल तमा में स्वतंत्रता सेनानी रास बिहारी बोस की समाधि की 'चिंताजनक' स्थिति के बारे में जापानी अधिकारियों से तुरंत बात करें। गोखले ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बोस को 'बंगाल का राष्ट्रीय नायक' बताया और कहा कि उनकी समाधि उपेक्षित स्थिति में है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित भारत के कई शीर्ष नेता वहां गए हैं। गोखले ने कहा कि शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी श्रद्धांजलि देने के लिए जापान में उनके (बोस के) स्मारक गये थे। उनका अनुसरण करते हुए



भारतीय प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्यों और भारतीय राजदूत ने शनिवार को स्मारक का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा चिंता की बात है स्मारक की हालत, जिसे अभिषेक बनर्जी ने रेखांकित किया। यह जीर्ण-शीर्ण है और इसका रखरखाव भी ठीक से नहीं किया जाता है। गोखले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समेत कई गणमान्य व्यक्ति पहले भी इस स्मारक का दौरा कर चुके हैं। लेकिन दुख की बात है कि शुक्रवार को जब तक तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव ने इस पर प्रकाश नहीं डाला, तब तक किसी ने भी इसके रखरखाव का मुद्दा नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि आज राजदूत के स्मारक का दौरा करने के बाद बंगाल के लोगों को उम्मीद है कि वह इस मामले को जापानी अधिकारियों के समक्ष तुरंत उठाएंगे। राज्यसभा सदस्य ने जोर देकर कहा कि बोस को सम्मान दिया जाना चाहिए। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले बोस गदर विद्रोह के मुख्य आयोजकों में से एक थे और उन्होंने जापान में भारतीय स्वतंत्रता लीग की स्थापना भी की थी।

## कोलकाता में पड़ोसी से जान का खतरा, पीड़ित ने पुलिस से की सुरक्षा की मांग

**कोलकाता :** कोलकाता के इकबालपुर थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद आफताब ने अपने पड़ोसी मोहम्मद नौशाद के खिलाफ उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियों को लेकर कोलकाता पुलिस को एक लिखित शिकायत सौंपी है। आफताब ने यह पत्र कोलकाता पुलिस आयुक्त, संयुक्त आयुक्त (क्राइम), पोर्ट डिवीजन के उपायुक्त और एकबालपुर थाना प्रभारी को संबोधित करते हुए भेजा।

शिकायत में आफताब ने बताया कि वह 8/एच/32, भुकैलाश रोड, कोलकाता-700023 में अपनी वृद्ध मां, पत्नी और तीन स्कूली बच्चों के साथ रहते हैं। वह एक बेरोजगार मजदूर हैं और किसी तरह निर्माण कार्य करके अपनी आजीविका चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी मोहम्मद नौशाद, जो इलाके के एक कुख्यात अपराधी हैं, अपने आपराधिक साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में दहशत फैला रहे हैं और लगातार उन्हें व उनके परिवार को धमका रहे हैं।

आफताब ने अपनी शिकायत में पुलिस से मांग की है कि वह इस मामले में तत्काल और कठोर कार्रवाई करे तथा उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करे। यह शिकायत 20 मई 2025 को एकबालपुर थाने में औपचारिक रूप से दर्ज की गई, जिसकी पुष्टि थाने की मुहर से भी होती है।

अब पूरा मोहल्ला और पीड़ित परिवार इस बात पर निगाहें टिकाए हुए है कि पुलिस इस गंभीर मामले में कितनी तत्परता से कार्रवाई करती है।

# सिंगूर में प्लास्टिक बहिष्कार शोभायात्रा, स्वच्छता अभियान को दी नई दिशा

**हुगली, समाज्ञा :** प्लास्टिक कचरा प्रबंधन को लेकर मॉडल ग्राम की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सिंगूर पंचायत समिति ने एक विशेष प्लास्टिक बहिष्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सिंगूर ग्रामीण अस्पताल से एक रंगारंग शोभायात्रा के रूप में हुई, जो सिंगूर स्कूल मोड़ तक पहुंची। इस शोभायात्रा में प्लास्टिक का बहिष्कार करें, स्वस्थ समाज का निर्माण करें जैसे नारे गूंजते रहे और लोगों को जागरूक करने का कार्य प्रभावी रूप से किया गया। इस अवसर पर हुगली की जिलाधिकारी डॉ. मुक्ता आर्या, सिंगूर ब्लॉक के समष्टि विकास अधिकारी शौविक घोषाल, तथा सिंगूर पंचायत समिति




की अध्यक्ष टुम्पा घोष समेत अनेक अधिकारी उपस्थित थे। शोभायात्रा के साथ-साथ सड़क किनारे सफाईकर्मियों ने प्लास्टिक कचरे की सफाई कर स्वच्छता अभियान को भी गति दी, जिससे स्थानीय लोगों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ी।

### जेबीपुर में किराने की दुकान में चोरी



**हावडा, समाज्ञा :** जेबीपुर में चोरी थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार के तड़के यहां मायता पुकुर इलाके में एक किराने की दुकान में बोरी हुई है। बताया जा रहा है कि चोर गाड़ी लेकर पहुंचे थे। गाड़ी को दुकान के पीछे लगाया था। इसके बाद खिड़की में लगी लोहे के रॉड को गैस कटर से काटकर अंदर घुसे और नकदी के साथ खाद्य सामग्री भी बुरा कर ले गये। सुबह होने पर दुकान मालिक को चोरी की खबर मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मामले की जांच में जुटी है।

# सोशल मीडिया पर पुलिसकर्मियों के रील्स! कहीं लीक तो नहीं हो रही गोपनीय जानकारी लालबाजार सख्त

**कोलकाता :** सोशल मीडिया पर पुलिस की वर्दी पहनकर रील्स बनाने की प्रवृत्ति हाल के दिनों में कई पुलिसकर्मियों के बीच तेजी से बढ़ी है। अब इस पर रोक लगाने के लिए लालबाजार (कोलकाता पुलिस मुख्यालय) ने सख्त रुख अपनाया है।

कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने इस पर सख्त चेतावनी दी है। हाल ही में हुई मासिक क्राइम मीटिंग में पुलिस आयुक्त ने इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कुछ पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पर रील्स बनाकर न केवल अनुशासनहीनता दिखा रहे हैं, बल्कि जांच से जुड़ी संवेदनशील जानकारी भी लीक कर



रहे हैं। यह किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मनोज वर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्तव्य के दौरान रील्स बनाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और दोषी कर्मियों को उदाहरण स्वरूप सजा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि कोलकाता पुलिस की गरिमा और परंपरा के साथ इस तरह की गतिविधियाँ कतई मेल नहीं खातीं। सभी थानों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

पुलिस मुख्यालय का यह कड़ा कदम यह संकेत देता है कि सोशल मीडिया पर अनुशासनहीनता अब किसी भी हाल में सहन नहीं की जाएगी।

### नदी में मिला महिला का शव



**हावडा, समाज्ञा :** बाली थाना अंतर्गत लालबाबा आश्रम घाट के पास से शनिबार की सुबह हुगली नदी से एक महिला का शव बरामद हुआ है। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हुई है। घटना की खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शव सड़ चुका है। महिला की मौत तीन से चार दिन पहले हुई होगी। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर महिला की शिनाख्त करने में जुटी है।



हावड़ा के फोरशोर रोड पर नवनिर्मित रिवरसाइड पैवेलियन का भव्य उद्घाटन मंत्री अरुप राय के द्वारा संपन्न हुआ। इस मौके पर विजय सिंह, पंकज सिंह, आदित्य सिंह समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# मुवक्किल को अदालत का आदेश नहीं मानने की सलाह देने वाले अधिवक्ता को जेल

- **अदालत कक्ष से ही चार दिनों के लिए भेजे गए प्रेसिडेंसी जेल**
- **पूर्व न्यायाधीश के बारे में असम्मानजनक टिप्पणी भी की थी**

**कोलकाता :** अपने मुवक्किल को अदालत के आदेश की अवहेलना की सलाह देने और एक पूर्व न्यायाधीश के प्रति असम्मानजनक टिप्पणी करने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने अधिवक्ता अरुणांग्शु चक्रवर्ती को चार दिनों की जेल की सजा सुनाई है। अरुणांग्शु ने रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर का पक्ष अदालत में रखा था। मामला हारने के बाद उन्होंने अपने मुवक्किल से कहा कि कई मामलों में अदालत के आदेश नहीं माने जाते



और फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

इतना ही नहीं, उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति शुभ्रकमल मुखोपाध्याय, जो कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं, के खिलाफ फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी भी की। इस पर विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कलकत्ता हाई कोर्ट में हलफनामा दायर कर शिकायत की।

न्यायमूर्ति कौशिक चंद ने सुनवाई के दौरान जब अरुणांग्शु से इन आर-ोपों पर जवाब मांगा, तो उन्होंने इनकार नहीं किया। उनके द्वारा दायर हलफनामे में माफी तक नहीं मांगी गई थी। इसके बाद न्यायमूर्ति ने उन्हें चार दिनों की प्रतीकात्मक सजा सुनाई और हाई कोर्ट के शेरिफ को बुलाकर अदालत से ही उन्हें प्रेसिडेंसी जेल भेज दिया।

हाई कोर्ट सूत्रों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब अरुणांग्शु ने अपने मुवक्किल को अदालत का आदेश न मानने की सलाह दी हो। पूर्व में भी उन्हें ऐसी सलाह देने को लेकर चेतावनी दी जा चुकी है।

## पूर्वी मेदिनीपुर सड़ी-गली लाश बरामदगी मामले में तीन गिरफ्तार



**पूर्वी मेदिनीपुर :** जिले में एक कटा हुआ सिर और सड़ी-गली लाश बरामद की गई थी। गत 9 मई को शव बरामद होने के बाद इलाके में हंगामा मच गया था। शनिवार को बरामद व्यक्ति की शिनाख्त की गई। पता चला है कि मृतक का नाम राजीव दास (20) है। वह दीघा के मंडला गांव का रहने वाला है। पुलिस ने हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के नाम राजीव बोर, शेख समीउल और सोमनाथ दास हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व मेदिनीपुर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत पालधुई इलाके के गोविंदपुर जंगल से एक सिर कटा, क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया था। कटा हुआ सिर कुछ दिनों बाद बरामद किया गया। रामनगर थाना पुलिस को घटना की जांच में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्यारोपी की पहचान करने के अलावा हत्या के आरोपी तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। आज तीनों आरोपियों को कांथी अदालत में पेश किया जाएगा।

# पाकिस्तान व बांग्लादेश के कुछ लोगों के नियमित संपर्क में था गिरफ्तार संदिग्ध जेएमबी आतंकी

## गत 9 मई को एसटीएफ ने डायमंड हार्बर से अब्बासउद्दीन मोल्ला को किया था गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर इलाके से गिरफ्तार प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जेएमबी) का संदिग्ध सदस्य अब्बासउद्दीन मोल्ला पाकिस्तान और बांग्लादेश के कुछ लोगों के नियमित संपर्क में था। यह दावा बीरभूम एसटीएफ ने रामपुरहाट महकमा अदालत में पेशी के दौरान किया।

अब्बासउद्दीन को 9 मई को डायमंड हार्बर थाना क्षेत्र के पतरा गांव से गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन बीरभूम जिले के



नलहाटी थानांतर्गत चांदीपुर गांव से अजमल हुसैन और मुरारई थाना अंतर्गत चतरा गांव से साहेब अली खान को भी जेएमबी से संबंध के शक में गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर तीनों आरोपितों को रामपुरहाट अदालत में पेश किया गया। सरकारी वकील सैकत हाटी ने बताया कि एसटीएफ की पूछताछ में यह जानकारी सामने आई है कि अब्बासउद्दीन मोल्ला का पाकिस्तान और बांग्लादेश में कुछ लोगों से लगातार संपर्क था। इसके पीछे और भी लोगों की संलिप्तता की आशंका जताई गई है।

दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने तीनों आरोपितों को पुनः पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। पुलिस अब तीनों से पूछताछ कर और जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

# तुंगनाथ मंदिर, उत्तराखंड

## हमारी अनजानी धरोहर 70



डॉ. एस. के. सैनी

तुंगनाथ मंदिर उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में है और यह विश्व के सबसे उंचे शिव मंदिरों में है। इस मंदिर की ऊंचाई केदारनाथ मंदिर से भी अधिक है केदारनाथ मंदिर समुद्र की सतह से 3583 मीटर ऊंचाई पर स्थित है जबकि तुंगनाथ मंदिर समुद्र की सतह से 3680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। ऋषिकेश से चमोली होते हुए चोपता गांव तक की दूरी लगभग 212 किलोमीटर है उसके पश्चात 3.30 किलोमीटर की ट्रैकिंग हमें करनी होती है तुंगनाथ मंदिर तक पहुंचाने के लिए। यह 3.30 किलोमीटर एक ट्रैकिंग है जो चंद्रशिला चोटी तक पहुंचने के लिए हमें इस पहाड़ी पर चढ़ना पड़ता है। जब हम यहां पहुंच जाते हैं तो हमें एकदम साफ सुथरा आसमान दिखाई देता है। कोई प्रदूषण नहीं और ठंडी हवा बहती हुई महसूस होती है। गर्मी में भी यहां तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के लगभग रहता है। कहते हैं कि यह स्थान पांडवों के द्वारा निर्माण किया गया था क्योंकि महाभारत युद्ध में संख्या सैनिकों की क्षति होने से ईश्वर नाराज हो गए थे।

भगवान शिव नाराज हो गए थे और उन्हें प्रसन्न करने के लिए पांडवों ने यहां इस मंदिर का निर्माण किया था। एक और किवदन्ति है कि यहां पर पांडव स्वयं आकर के तपस्या किया करते थे।




कुछ भी हो यह मंदिर अत्यंत प्राचीन दिखाई देता है और यह मंदिर स्थानीय सामान्य सलेटी रंग के पत्थरों का बना हुआ है अंदर शिवलिंग अत्यंत प्राचीन है और यह पंच केदार में से एक है और इस धरती पर सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर पूरे विश्व में। इसलिए भी इसकी ख्याति अद्भुत है। लोग कहते हैं कि जो यहाँ पहुंच जाते हैं उन्हें फिर किसी और जगह जाने की अपेक्षा नहीं रहती।

# अभिनव की उड़ान



त्रिलोक नाथ पांडेय

वर्षा ऋतु की मलिन संध्या थी। आकाश पर मेघमालाओं ने जैसे दिन के उजास को निगल लिया था। पटना नगर के एक सामान्य से मोहल्ले में, तंग गलियों के मध्य स्थित एक किराये के मकान की तीसरी मंज़िल पर बैठा था – अभिनव सिंह, दसवीं कक्षा का एक मितभाषी छात्र। उसकी आँखों में सपने तो थे, पर आत्मविश्वास की मिट्टी सूखी पड़ी थी।



उस दिन विद्यालय से लौटते समय उसके हाथों में गणित की उत्तरपुस्तिका काँप रही थी – अंक थे मात्र चौंतीस। घर में प्रवेश करते ही उसकी विधवा माता – सरोजा देवी, जो सिलाई करके जीवन की गाड़ी खींच रही थीं – ने उसकी आँखों में छिपे तूफ़ान को ताड़ लिया।

क्या हुआ बेटा? – उन्होंने स्नेह से पूछा।

अभिनव ने नज़रें झुकाईं, माँ फिर से कम अंक आए हैं।

सरोजा देवी ने बड़े प्रेम से उसके बालों को सहलाते हुए कहा –

वत्स! जीवन में सच्ची सफलता वह है जो स्वप्रेरणा से प्राप्त होती है।

दूसरे क्या कहते हैं, यह तात्कालिक है – किन्तु जब मनुष्य स्वयं अपनी अंतरात्मा की पुकार को सुनता है, तभी उसकी बुद्धि जागृत होती है।

याद रखो – स्व प्रेरित होकर कार्य करना किसी बुद्धिमान का सबसे प्रबल गुण होता है।

यह वाक्य अभिनव के हृदय में गूंजता रहा। जैसे किसी ने उसके भीतर कोई दीपक प्रज्वलित कर दिया हो।

रात्रि के प्रथम प्रहर में, जब संपूर्ण नगर निद्रानिमग्न था, अभिनव अपनी पुरानी कॉपियों के मध्य बैठा था – विचारमग्न, मौन। उसके समक्ष ना कोई गुरु था, ना कोई साथी। पर उस क्षण उसका अहम् जाग चुका था। उसने स्वयं को दर्पण में देखा और कहा –

हे आत्मन! अब कोई प्रेरणा बाहर से नहीं, भीतर से आएगी।

मैं स्वयं अपनी दिशा, स्वयं अपनी गति बनाऊँगा।

विफलता को अब साधना बनाऊँगा।

उसने अपनी अध्ययन-मेज़ पर एक पंक्ति अंकित कर दी –

स्व प्रेरित होकर कार्य करना किसी बुद्धिमान व्यक्ति का सबसे मज़बूत गुण होता है।

यह पंक्ति उसकी दिनचर्या का मूलमंत्र बन गई।

अब वह विद्यालय से लौटकर घंटों अभ्यास करता, गणित के सूत्रों को पुनः-पुनः हल करता। उसके नेत्रों में एक नवीन ज्वाला थी – तपस्वी की ज्वाला।

दो मास पश्चात अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित हुए। समस्त छात्रगण सभा-कक्ष में एकत्र थे। गणित के शिक्षक श्रीमान मिश्रा ने जब परिणामों की घोषणा की, तो कक्षा स्तब्ध रह गई।

इस बार गणित में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाला छात्र है – अभिनव सिंह, जिसके अंक हैं बानबे (92)।

कक्षा में सन्नाटा क्षणभर के लिए रहा, फिर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। अभिनव की दृष्टि उन अंक-पंक्तियों पर थी, जो अब उसके स्वप्न की सीढ़ियाँ बन चुकी थीं।

उस संध्या जब वह घर लौटा, तो उसने माँ के चरण स्पर्श किए।

माँ ने नेत्रों से आश्चर्य मिश्रित मुस्कान के साथ पूछा –

क्या हुआ पुत्र?

अभिनव ने उत्तर दिया–

माँ, आपकी वाणी ही मेरे भीतर अग्नि बनी।

आज मैं समझ गया हूँ कि कोई भी बाहरी प्रेरणा क्षणिक हो सकती है,

पर जब प्रेरणा आत्मा से निकलती है, तब वही पुरुषार्थ का मार्ग बनाती है।

वर्षों पश्चात वही अभिनव अब एक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान में अध्ययनरत है। वह अपने अनुज को भी यही सिखाता है –

बाहरी सफलता तभी संभव है, जब आंतरिक साधना सच्ची हो।

स्व-प्रेरणा ही आत्मविकास का प्रथम सोपान है।

यदि तुम स्वयं को प्रेरित कर सको, तो संसार की कोई शक्ति तुम्हें रोक नहीं सकती।

यह कहानी केवल अभिनव की नहीं, हर उस छात्र की है जो हताशा से जूझ रहा है, किन्तु भीतर कहीं आशा की चिंगारी जीवित है।

स्वप्रेरणा ही वह शक्ति है जो सामान्य से असामान्य की यात्रा तय कराती है।

और जैसा कि एक महापुरुष ने कहा है –

स्व प्रेरित होकर कार्य करना किसी बुद्धिमान व्यक्ति का सबसे मज़बूत गुण होता है।

# सनी और गर्मी



डॉ.मंजरी शुक्ला

रविवार की सुबह तेज़ धूप अंगारे बरसा रही थी और सनी बेसब्री से कहीं राहत पाने की कोशिश में था।

सनी एक सफेद कुत्ता था जिसे गर्मियाँ बिलकुल पसंद नहीं थीं। कभी वह बगीचे में ज़मीन खोद रहा होता तो कभी नीम के पेड़ की छाँव में ठंडी जगह ढूँढ रहा होता। इस सब के बीच स्विफ्टी गिलहरी लगातार उसका पीछा कर रही थी और उसे चिढ़ा रही थी।

वह कभी उसकी पूंछ खींचती तो कभी झाड़ी के पीछे छिप जाती। जब सनी उसकी शरारतों से तंग आ गया, तो वह घर के अंदर भाग गया।

अरे, सनी को घर के अंदर देखना तो बहुत ही दुर्लभ है, मोंटू ने कहा।

सनी भौंक कर अपनी नाराज़गी जताने लगा, भौंभौं लेकिन कोई नहीं समझ सका कि वह क्या कहना चाहता था।



मोंटू के पापा ने सनी को सहलाया, लगता है बहुत गर्मी लग रही है इसे। इन दिनों तो बहुत गर्मी भी है।

सनी ने अपनी पूंछ हिलाकर जवाब दिया। अब वह खुश था और पापा के पैरों के पास आकर लेट गया।

मोंटू बार-बार दीवार की घड़ी की ओर देख रहा था। जैसे ही दरवाज़े की घंटी बजी, वह दौड़कर दरवाज़े की ओर गया।

नया फ्रिजवाह सनी ने आश्चर्य से सोचा।

पापा ने फ्रिज लाने वाले दोनों आदमियों से कहा, इसे डाइनिंग टेबल के पास रख दीजिए।

दोनों ने फ्रिज को अंदर लाकर रख दिया।

लाल मेरा पसंदीदा रंग हैओह पापा, आप कितने अच्छे हैं मोंटू ने नए फ्रिज को प्यार से छूते हुए कहा।

अब मोंटू की माँ, रसोई से बाहर आईं और उन लोगों से कहा, अगर आप लोग इसे चालू कर दें, तो हम खुद ही ट्रे वगैरह सेट कर लेंगे।

तभी प्रेशर कुकर की दो सीटीयाँ आईं और मां वापस रसोई में भागीं।

सर, क्या आप इन कागज़ों पर साइन कर देंगे? उनमें से एक आदमी ने कुछ कागज़ पापा की ओर बढ़ाए।

पापा पेन लेने के लिए अंदर गए और मोंटू भी उनके पीछे गया।

खाना तैयार हैजल्दी आ जाइए, मम्मी ने आवाज़ लगाई। मोंटू और उनके पापा कुर्सियों पर बैठ गए और मोंटू ने एक-एक करके डिब्बों के ढक्कन खोलने शुरू किए।

मोंटू, जाओ और हाथ धो आओ और देखो सनी कहाँ है? आमतौर पर सनी सबसे पहले रसोई के पास अपनी दूध और ब्रेड की कटोरी के लिए आ जाता था।

मोंटू ने दरवाज़ा खोला और सनी को ढूँढने बाहर गया। उसने नीम के पेड़ के नीचे देखा, लेकिन वहाँ सनी नहीं था। फिर उसने बगीचे में हर जगह ढूंढा।

वह पसीने से तरबतर होकर लौटा और माँ को बताया, सनी बगीचे में नहीं है।

कोई बात नहीं। तुम खाना शुरू करो, वो अभी आ जाएगा,

लेकिन इतनी गर्म दोपहर में वो जाएगा कहाँ? पापा सोच में पड़ गए।

पहले खाना खा लेते हैं। मैं फ्रिज से पानी की बोतल ले आती हूँ। कहते हुए मां फ्रिज की ओर बढ़ी

जैसे ही उन्होंने फ्रिज खोला, वह चौंक गईं और पूरे घर में हँसी गूंज उठी।

सनी मज़े से नए फ्रिज के अंदर गुड़मुड़ होकर बैठा हुआ था।

# त्वचा में निखार और ताजगी बनाए रखें

सुनीता गाबा

आधुनिक युग में महिलाओं की सुन्दता को निखारने के अनेक सौन्दर्य प्रसाधन हैं जिनके प्रयोग से शारीरिक सौन्दर्य को बढ़ाया जा सकता है। इनके प्रयोग से कुछ समय के लिए तो सुन्दरता को निखारा जा सकता है पर अत्यधिक प्रयोग से त्वचा की प्रकृतिक सुन्दरता को नुक्सान पहुंच सकता है।

इन सौन्दर्य प्रसाधनों के कई कुप्रभाव भी हैं। अगर आप चाहते हैं चेहरे और त्वचा में प्राकृतिक ताजगी बनी रहे तो घर के सौन्दर्य प्रसाधनों का प्रयोग करें ताकि त्वचा की कांति कम न हो।



- चार टेबलस्पून मकई के आटे में पानी और थोड़ा खट्टा दही मिला लें। तैयार मिश्रण को चेहरे के साथ गर्दन, बाजू, हाथों पर लगा लें। सूखने पर ताजे जल से अच्छी तरह धो लें।
- मुल्तानी मिट्टी में एक टेबलस्पून बेसन, थोड़ा नींबू का रस, दो छोटे चम्मच दही मिला कर मिश्रण तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे, गर्दन व खुली त्वचा पर लगाएं। जब सूख जाए तो चेहरा अच्छी तरह से धो लें।
- चेहरे पर बर्फ रगड़ते रहें जिससे त्वचा में कसाव आता है और खून का दौरा भी बढ़ता है।
- रूखी त्वचा हेतु जैतून के तेल से हाथों की उंगलियों से चेहरे और गर्दन पर हल्की हल्की मालिश करें।
- चेहरे की झुर्रियां दूर करने के लिए अंडे की सफेदी में शहद अच्छी तरह मिलाकर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। झुर्रियां कम करने में मदद मिलेगी।
- यदि आप अधिक समय तक घर से बाहर रहते हैं तो अपनी त्वचा को प्रदूषण से दूर रखने हेतु सप्ताह में दो तीन बार खुली त्वचा और चेहरे पर ग्लिसरीन और शहद का मिश्रण लगाएं और ठंडे पानी से धो लें। त्वचा में निखार बना रहेगा।
- खीरे का रस चेहरे और खुली त्वचा पर कम से कम 15 मिनट लगा कर फिर ठंडे पानी से धो लें। इससे त्वचा में कसाव भी बना रहेगा।
- चेहरे पर पड़े दाग धब्बों को कम करने के लिए चेहरे की त्वचा पर आलू के गोल टुकड़े रखें।
- कच्चे दूध में तीन चार बादाम भिगो कर पीस लें। उसमें थोड़ा शहद मिला कर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे, गर्दन और बाजू पर मल दें। आधे घंटे बाद चेहरा और खुली त्वचा धोकर साफ कर लें।
- आंखों के नीचे के काले घेरे दूर करने हेतु विटामिन ई कैपसूल के पाउडर में अण्डे की सफेदी और शहद मिलाएं और आंखों के नीचे मिश्रण को मलें। लाभ होगा।
- गुलाब की पत्तियों को पीसकर मुलतानी मिट्टी में मिलाकर गुलाबजल से मिश्रण तैयार कर चेहरे और त्वचा पर 10 मिनट के लिए लगाएं, फिर धो लें।
- शहद चेहरे और त्वचा को सौम्य बनाता है, इसके प्रयोग से झुर्रियों में भी लाभ होता है। सप्ताह में एक बार इसका प्रयोग करें।

आधा केला, मसल कर उसमें दही या दूध मिला कर त्वचा पर लगाने से त्वचा में निखार आता है। (उर्वशी)

# दूर तक साथ चलो....



भाषणा गुप्ता

आज के आधुनिक युग में पति-पत्नी के रिश्तों के समीकरण बदल चुके हैं। आज पति के साथ-साथ पत्नी भी धनोपार्जन हेतु बाहर नौकरी करने जाती हैं। कहीं कहीं तो पत्नी, पति से अधिक शिक्षित, समझदार व अधिक कमाऊ होती है मगर उसे अपेक्षित सम्मान व सहयोग नहीं मिलता।

जब पत्नी को इतना सब करने के बाद भी अपमानित होना पड़ता है तो कुछ समय तक तो वह इसे सहन करती है मगर जब पति की प्रताड़ना अपनी सीमाएं पार कर लेती है तो वह बरदाश्त नहीं कर पाती और विद्रोह करने पर उतारू हो जाती है। पति को यह बात नागवार गुजरती है और वह उस पर आरोप लगाने शुरू कर देता है। इसकी परिणति अलगाव व तलाक जैसी स्थितियों में होती है।

एक साथ जीने-मरने की कसमें खाने वाले, दूर तक साथ चलने के वादे करने वाले जीवनसाथी पल भर में ही इतने पराये हो जाते हैं कि एक साथ बिताए मधुर क्षणों को एक पल के लिए भी याद नहीं करते। सिर्फ कटु अनुभवों की स्मृतियां ही शेष रह जाती हैं।

## इसके पीछे अनेक कारण हैं।

### पति का अपरिपक्व होना

कई बार माता-पिता लड़के के आर्थिक रूप से निर्भर होते ही उसकी शादी कर देते हैं जबकि शादी के लिए सिर्फ नौकरी ही नहीं वरन् परिपक्व होना भी अति आवश्यक है। मध्यमवर्गीय परिवारों में तो यह स्थिति आम देखने को मिलती है। इस सब का परिणाम पत्नी को भुगतना पड़ता है।

मानसिक रूप से तैयार न होने के कारण पति, पत्नी की इच्छाओं, जरूरतों व भावनाओं को भली-भांति समझ पाता नहीं। उसमें पत्नी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की अच्छी समझ न होने के कारण पत्नी लगातार खुद को उपेक्षित महसूस करती है। उसे लगता है कि पति उसका ख्याल नहीं रखता, उससे प्यार नहीं करता, यहां तक कि कभी-कभी वह यह भी महसूस करती है कि पति को उसकी जरूरत ही नहीं। उसे सिर्फ उस पर जबरदस्ती थोपा गया है।

परिणामस्वरूप वे दोनों मानसिक रूप से जुड़ नहीं पाते और या तो कुछ महीनों या वर्षों बाद ही अलग हो जाते हैं या फिर जिन्दगी को एक बोझ समझ कर ढोते चले जाते हैं।

### पुरूष होने का दंभ

अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवारों के पुरूष पत्नी के समक्ष झुकना कभी पसंद नहीं करते। मसलन यदि पत्नी भी नौकरी करती है तो वे अपने दंभ के कारण उससे सहयोग नहीं करते।

उन्हें भय होता है कि यदि वे पत्नी की बातें मानने लगेंगे तो लोग उन्हें 'जोरू का गुलाम' जैसी उपाधि से विभूषित करेंगे जो उन्हें कभी गवारा नहीं होगा। उनके मन व दिमाग में व्याप्त ईगो उन्हें पत्नी से दूर ले जाती है ओर वे वैवाहिक जीवन के सच्चे आनन्द से वंचित रह जाते हैं।

### पत्नी के गुणों से ईर्ष्या

बहुत-से पुरूष पत्नी के अपने से अधिक शिक्षित, अनुभवी, सुन्दर व कमाऊ होने से ईर्ष्या करते हैं व उसे सम्मान देने की बजाय मानसिक प्रताड़ना देते हैं। यदि अन्य लोग उनके सामने पत्नी की प्रशंसा करते हैं तो वे खुद को अपमानित महसूस करते हैं। पत्नी की किसी उपलब्धि पर उन्हें प्रसन्नता नहीं होती और वे उसके किसी भी कार्य को महत्त्व नहीं देते। पत्नी कभी कोई स्वतंत्रा निर्णय लेती है तो उन्हें नागवार गुजरता है। नतीजा यह होता है कि पत्नी का मनोबल गिर जाता है और वह मानसिक रूप से पति के साथ जुड़ नहीं पाती।

यह नहीं है कि पति ही पूर्णतया दोषी होता है। कई मामलों में पत्नी में भी ये सब कमियां पाई जाती हैं। कई महिलाएं आर्थिक रूप से निर्भर होती हैं तो वे पति व ससुराल के अन्य सदस्यों को कोई महत्व नहीं देतीं व उनके प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी पूर्ण रूप से नहीं निभातीं।

यदि आप चाहती हैं कि पति आपकी भावनाओं को समझे तो आपको अपनी इन भूलों को सुधारना होगा। सदैव अपने कमाने के लिए यदि आप पति व अन्य सदस्यों को ताने देंगी व उन पर हावी होने का प्रयत्न करेंगी तो आपके शिक्षित होने का उन्हें क्या लाभ?

पति-पत्नी में आपसी विश्वास, सूझबूझ व निष्ठा का होना अति आवश्यक है, तभी आप सही तौर पर शिक्षित कहला सकते हैं। एक-दूसरे को अपना हितैषी, सहयोगी व सलाहकार मान कर चलें। एक-दूसरे को पूर्ण रूप से समझने का प्रयत्न करें। छोटी-मोटी तकरार को झगड़े का रूप न दें। आप पाएंगे कि जिन मधुर क्षणों को आपने अपनी-अपनी ईगो के वशीभूत होकर खो दिया, वे कितने आनंददायक हैं। (उर्वशी)

# पार्टी में जाने से पहले

तरन्नुम

ज़िन्दगी की इस भाग दौड़ में जहां लाइफ इतनी तेज़ रफ्तार से चल रही है, ऐसे में एक ही जैसे जीवन के साथ बोरियत होने लगती है। मनोरंजन के नाम पर बाहर घूमने के अलावा और कोई चारा नहीं होता। पार्टियों में जाना हर किसी को अच्छा लगता है लेकिन अगर आप प्रयास करें तो उस शाम को एक यादगार शाम बना सकती हैं।

- सबसे पहले तो यह तय कर लें कि पार्टी में क्या पहनना है। कपड़ों का चुनाव पार्टी में आ रहे लोगों के अनुसार करें। घरेलू फंक्शन में आप ज़री वाले सूट पहन सकती हैं और अगर बाहर जा रही हैं तो केवल साड़ी ही पहनें क्योंकि यह फॉरमल वेशभूषा है।
- अगर पार्टी ऑफिशियल है तो ध्यान रखें कि कपड़े ज़्यादा भड़कीले न हों। शालीन वस्त्रों को ही धारण करें।

मेकअप और ज्वैलरी का खास ख्याल रखें। गले और कानों में हल्की ज्वैलरी ही पहनें। मेकअप ज्यादा डार्क न करें क्योंकि ज्यादा डार्क मेकअप करने के बाद आपका ध्यान इसी में लगा रहेगा कि कहीं चेहरे से मेकअप उतर तो नहीं गया।

- पार्टी में जाते ही जोर-जोर से बोलना व हंसना न शुरू कर दें। शिष्टाचार के साथ आहिस्ते से सबसे मिलें और बात करें।
- एक बात का हमेशा ध्यान रखें कि ज्यादा न बोलें। ज्यादा बोलने वाले लोग प्रायः नापसंद कियेजाते हैं। सामने वाले की भी उतनी ही सुनें जितना आप अपनी कह रहे हैं। आते ही अपना व अपने कपड़ों का गुणगान न शुरू कर दें । शायद सामने वाले को आपसे भी ज्यादा दिया हो ऊपरवाले ने।
- अपने आप को ऐसा प्रस्तुत करें कि आपके जाने के बाद लोग आपकी तारीफ करें न कि बुराई। (उर्वशी)



# यदि बच्चे जुड़वा हों

मीना जैन छाबड़ा

- जुड़वां बच्चे पूर्ण विकास व पूरे समय पर जन्म लेने के बावजूद सामान्य बच्चे की अपेक्षा कमजोर होते हैं, अतः उनके पालन-पोषण में वही सावधानियां अपेक्षित हैं जो एक अपरिपक्व एवं कमजोर बच्चे के लिए जरूरी हैं।
- जुड़वां बच्चों में दोनों की समान रूप से देखभाल करें। हो सकता है दोनों में से एक बच्चा अपेक्षाकृत कुछ कमजोर हो या उसे आपकी ज्यादा जरूरत हो।
- जुड़वां बच्चों को नहलाते समय, सुलाते समय, दूध पिलाते समय या प्यार करते समय समान नजर से देखें। एक को अधिक प्राथमिकता न दें।
- उन्हें हर समय एक जैसे कपड़े न पहनायें।
- उनके नाम भी प्रायः एक जैसे न रखें।
- उन्हें दो व्यक्तित्व के रूप में पहचानें।
- उनकी आदत, रूचि व मानसिक विकास भिन्न हो सकते हैं, अतः एक दूसरे से तुलना न करें।
- एक दूसरे से तुलना या एक बच्चे की रूचि या आदत को आधार बनाकर पालन-पोषण दूसरे के विकास में बाधक हो सकता है।
- प्रायः हमशक्ल जुड़वां बच्चों में बहुत आत्मीयता स्थापित हो जाती है, एक दूसरे के बिना वे स्वयं को अकेला व असुरक्षित समझने लगते हैं। उन्हें जबर्दस्ती अलग करना उचित नहीं।
- धीरे-धीरे उन्हें अलग रहने व दूसरे बच्चों के साथ घुलने मिलने को प्रोत्साहन दें। (उर्वशी)



# रेसिपी कार्नर – टमाटर के पकौड़े




भारत में देसी स्नैक्स की बात की जाए तो पकौंडे और समोसे सबसे पहले सूची में आते हैं। पकौड़े की भी कई वैरायटी होती हैं जो हर मौसम में स्वाद के साथ खाए जाते हैं। इसमें आलू के पकौड़े, प्याज के पकौड़े, पनीर के पकौड़े और ब्रेड पकौड़ा समेत कई तरह के पकौड़ों की लिस्ट बताई जा सकती है। लेकिन क्या आपने कभी टमाटर के पकौड़े खाएं हैं?

अगर आप हर बार एक ही तरह के आलू-प्याज के पकौड़े खाकर बोर हो चुके हैं तो इस बार टमाटर के खट्टे-मीठे, चटपटे और कुरकुरे पकौड़े ट्राई कर सकते हैं। टमाटर के पकौड़े बनाना आसान है, साथ ही झटपट तैयार हो जाते हैं और इसका स्वाद भी बेहद खास होता है। आइए जानते हैं घर पर टमाटर के क्रिस्पी लजीज पकौड़े कैसे बनाए जा सकते हैं।



## टमाटर के पकौड़े बनाने की सामग्री

दो मीडियम आकार के टमाटर
एक कप बेसन
दो बड़े चम्मच चावल का आटा
बारीक कटी हरी मिर्च
आधा चम्मच अजवाइन
आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
चुटकीभर हल्दी
एक छोटा चम्मच धनिया पाउडर
नमक
पानी
तलने के लिए तेल

## टमाटर के पकौड़े बनाने की विधि

**स्टेप 1–** टमाटर के पकौड़े बनाने के लिए टमाटर को गोल स्लाइस में काट लें। ध्यान रखें कि टमाटर के स्लाइस बहुत पतले न हों।

**स्टेप 2–** अब एक कटोरे में बेसन, क्रिस्पी करने के लिए चावल का आटा, सभी मसाले, हरी मिर्च, अजवाइन आदि सभी कुछ डालकर अच्छे से मिला लें।

**स्टेप 3–** इस मिश्रण में थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए गाढ़ा बैटर तैयार कर लें।

**स्टेप 4–** अब एक बड़ी कढ़ाई में तेल गर्म करें।

**स्टेप 5–** टमाटर के स्लाइस को बैटर में डुबोकर गर्म तेल में डालें।

**स्टेप 6–** मीडियम आंच पर टमाटर के पकौड़े को सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें।

**स्टेप 7–** जब पकौड़ें अच्छे से तल जाएं तो उन्हें नैपकिन पर निकाल लें ताकि अतिरिक्त तेल हट जाए।

टमाटर के क्रिस्पी पकौड़े तैयार है। इसे हरी चटनी, मीठी चटनी या सॉस के साथ परोसें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में नौ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मोरीगांव (असम) :** असम के मोरीगांव जिले में शनिवार को भारत में अवैध रूप से रह रहे नौ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विदेशियों से संबंधित न्यायाधिकरण ने सभी को विदेशी नागरिक घोषित कर दिया था, लेकिन वे गिरफ्तारी से बच रहे थे। उसने बताया, ''मोरीगांव सीमा पुलिस की शाखा ने एक गुप्त अभियान चलाया और जिले के विभिन्न स्थानों से उन्हें पकड़ लिया।'' पुलिस के मुताबिक मोरीगांव, मिकिरभेटा और धरमतुल पुलिस थाना क्षेत्र से दो-दो तथा जागीरोड, मायोंग और लाहौरीघाट पुलिस थाना क्षेत्र से एक-एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दो लोगों ने न्यायाधिकरण के फैसले के खिलाफ गुवाहाटी उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी अपील खारिज कर दी गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस फिलहाल गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों से पूछताछ कर रही है।

### नोएडा में कोविड-19 से एक महिला संक्रमित पाई गई

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोएडा में कोविड-19 से संक्रमित पाई गई 55 वर्षीय एक महिला को घर पर ही पृथकवास में रखा गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक उसके परिवार के सदस्यों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। गौतमबुद्धनगर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''घर पर ही पृथकवास में रह रही महिला ने 14 मई को ट्रेन से यात्रा की थी। उसके परिवार के सदस्यों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेज दिए गए हैं।'

### मणिपुर में दो करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अलग-अलग अभियानों के दौरान एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद उनके पास से दो करोड़ रुपयों से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यहां एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को एक अभियान के दौरान मोंगकोट खोपी गांव से मादक पदार्थ के एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से करीब 1.74 करोड़ रुपये मूल्य की 870 ग्राम 'ब्राउन शुगर', 52 लाख रुपये मूल्य की हेरोइन से भरे 20 साबुन के डिब्बे, दो रेडियो सेट और 29.5 लाख रुपये ऐसी नकदी बरामद की गई जिसका कोई हिसाब नहीं था। उन्होंने बताया कि जब्त की गई नकदी के मादक पदार्थों के सौदे से अर्जित किए होने का संदेह है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को तंगनुआम गांव में 46 वर्षीय एक महिला को उसके घर से गिरफ्तार किया और उसके पास से 25 साबुन के डिब्बे बरामद किए गए, जिनमें 289 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर थी।

### दक्षिण-पश्चिम मानसून जल्द ही महाराष्ट्र पहुंचेगा, दो-तीन दिन परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी: आईएमडी

**मुंबई :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून जल्द ही महाराष्ट्र पहुंचेगा, क्योंकि अगले दो से तीन दिनों के दौरान मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। दक्षिण-पश्चिमी मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया, जो 2009 के बाद से भारत में इसका सबसे जल्दी आगमन है। 2009 में मानसून 23 मई को केरल पहुंचा था। मुंबई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की प्रमुख डॉ. शुभांगी भूटे ने संवाददाताओं को बताया, दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में अपने आगमन की सामान्य तिथि एक जून से लगभग एक सप्ताह पहले ही पहुंच चुका है और इसके आगे बढ़ने के लिए मौसम की परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय से पहले मानसून की दस्तक मौजूदा अनुकूल मौसम परिस्थितियों के कारण है और यह धीरे-धीरे महाराष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। भूटे ने कहा कि यह पूर्वानुमान विशेष रूप से रत्नागिरी जिले के कोंकण क्षेत्र के पास एक निम्न दबाव क्षेत्र के निर्माण पर आधारित है।

# भारत की एकता और अखंडता पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत : सिंधिया



**ग्वालियर :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को देश की एकता और अखंडता पर सवाल उठाने की आदत है, भले ही भारतीय एकजुट हों। विदेश मंत्री एस जयशंकर से राहुल गांधी द्वारा पूछे गए तीन सवालों को लेकर सिंधिया ने यह टिप्पणी की। सिंधिया ने शुक्रवार रात यहां संवाददाताओं से कहा, '' देश की एकता, अखंडता और सम्मान पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत है, खासकर ऐसे समय में जब 140 करोड़ भारतीय एकजुट होकर खड़े हैं और कुछ तत्व भारत की संप्रभुता और एकता पर सवाल उठा रहे हैं।'' केंद्रीय संचार मंत्री ने जयशंकर से पूछे गए सवालों के समय को लेकर भी कांग्रेस नेता की आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, '' आतंकवादियों और दुश्मनों से सामना होने पर भी? ऐसे गंभीर समय में ऐसे सवाल उठाना - यह कैसी विचारधारा है? इसे न तो आप समझ सकते हैं और न ही हम।'' कभी राहुल गांधी के करीबी रहे सिंधिया कांग्रेस से नाता तोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। राहुल गांधी ने शुक्रवार को जयशंकर पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कांग्रेस के एक पोस्ट को टैग किया जिसमें जयशंकर का एक वीडियो क्लिप था। वीडियो में विदेश मंत्री डच प्रसारक एनओएस के साथ एक साक्षात्कार के दौरान पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद के भारत-पाक संघर्ष पर सवालों के जवाब दे रहे थे। राहुल ने सवाल करते हुए कहा, '' क्या जेजे (जयशंकर) बताएंगे कि भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है? पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया? ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा?''

## असम को पूर्ववर्ती नेतृत्व ने 'निराश' किया,पर मोदी के नेतृत्व में यह फिर से प्रगति पथ पर अग्रसर: हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य के गठन के बाद से ही पूर्ववर्ती राजनीतिक नेतृत्व ने राज्य को ''निराश'' किया है, जिससे राज्य का विकास अवरुद्ध हो गया। शर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से राज्य ने 'दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार' के रूप में अपना स्थान पुनः प्राप्त कर लिया है। वह नयी दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं शासी परिषद की बैठक में बोल रहे थे। इस बार शासी परिषद की बैठक का विषय '2047 में विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' था। स्वतंत्रता से पहले राज्य का अवलोकन प्रस्तुत करते हुए शर्मा ने कहा कि असम समृद्धि की भूमि थी, जहां प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से अधिक थी। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रीमियम चाय निर्यात को पहले ही वैश्विक मान्यता मिल चुकी थी। उन्होंने कहा कि असम का वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ मजबूत संपर्क था। उन्होंने कहा कि 1904 तक डिब्रूगढ़ को चटगांव से जोड़ने वाली रेल लाइन थी और ब्रह्मपुत्र असम को चटगांव जैसे बंदरगाहों से जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण जलमार्ग के रूप में काम करती थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारत के विभाजन ने इन सम्पर्कों को काट दिया और असम के पास केवल एक संकीर्ण और कमजोर जीवन रेखा 'सिलीगुड़ी चिकन नेक' बची, जो इसे शेष भारत से जोड़ती थी। उन्होंने कहा, ''चटगांव पहाड़ी क्षेत्र, जहां 97 प्रतिशत से अधिक गैर-मुस्लिम आबादी थी, को पूर्वी पाकिस्तान को दे दिया गया। 15 अगस्त, 1947 को चकमा नेताओं ने रंगमती में भारतीय ध्वज फहराया और भारत में शामिल होने की उम्मीद जतायी। हालांकि, चटगांव को पूर्वी पाकिस्तान को आवंटित करने से उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं।'' शर्मा ने दावा किया, ''उनकी अपील के बावजूद पंडित नेहरू ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। इस निर्णय को उनकी मौन स्वीकृति ने पूर्वोत्तर की वैश्विक व्यापार तक पहुंच को एक महत्वपूर्ण और स्थायी झटका दिया।'' उन्होंने कहा कि फिर, 1971 में, बांग्लादेश के निर्माण के दौरान, तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को पूर्वोत्तर के लिए एक व्यापक और अधिक सुरक्षित भौगोलिक गलियारे पर बातचीत करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा, ''बांग्लादेश की मुक्ति सुनिश्चित करने में उनके निर्णायक नेतृत्व के बावजूद, यह लम्हा भी बीत गया... इस क्षेत्र को उस समय के राजनीतिक नेतृत्व ने निराश किया।''

## कोविड के नये स्वरूप से घबराने की जरूरत नहीं, सावधानी बरतना अब भी जरूरी: चिकित्सक

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में चिकित्सकों ने लोगों को जेएन.1 स्वरूप से जुड़े कोविड-19 के मामलों से नहीं घबराने की सलाह दी है और कहा कि यह स्वरूप गंभीर नहीं है तथा ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण ही सामने आए हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में, हाल में कोविड-19 के सभी 23 मरीजों में केवल हल्के लक्षण दिखे हैं और वे घर पर ही पृथक वास में हैं। उनमें से 22 घर पर ही ठीक हो रहे हैं और किसी को भी अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ी। हाल में जारी सरकारी परामर्श के बाद, शहर के कई अस्पतालों ने एहतियाती उपायों के तहत ऑक्सीजन सिलेंडर, एंटीबायोटिक्स, अन्य आवश्यक दवाइयां, बाईपैप (बाइलेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर) मशीनें, टीके, वेंटिलेटर और पृथकवास वार्ड में अतिरिक्त बिस्तर की व्यवस्था कर तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक कोई नया मामला सामने नहीं आया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क (आईएमए जेडीएन) के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. ध्रुव चौहान ने कहा कि लोगों को जेएन.1 स्वरूप से घबराने की जरूरत नहीं है, जो ओमिक्रॉन बीए 2.86 में हुए बदलाव से उत्पन्न हुआ है और जो भारत में प्रचलित प्रमुख कोविड-19 स्वरूप है। डॉ. चौहान ने कहा, ''यह कोई जानलेवा स्वरूप नहीं है। हाथ स्वच्छ रखना और अस्पताल या भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना, लोगों के बीच छींकने में स्वच्छता का पालन करना हमेशा बेहतर होता है। लक्षणों की जांच डॉक्टर से करवाना भी महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, ''लोगों को यह याद रखना चाहिए कि घबराहट और अव्यवस्था बीमारी से अधिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती हैं।'' आंतरिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. निहाल सिंह ने कहा, ''हमें यह समझना चाहिए कि जेएन.1 स्वरूप फैल तो रहा है, लेकिन अधिकतर मामलों में इसने गंभीर बीमारी पैदा करने के संकेत नहीं दिए हैं।''

## महाराष्ट्र का लक्ष्य 2047 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना: फडणवीस



**नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र ने 2047 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार विकास और विरासत संरक्षण के लिए अपनी योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 2047 तक विकसित भारत के लिए केंद्र सरकार की योजना के अनुरूप है। फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार 2030 तक 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने पर काम कर रही है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलता के साथ पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। इस कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि राज्य विकसित भारत की दिशा में टीम इंडिया के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## कर्नाटक के राज्यपाल गहलोत ने मंदिर विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखा

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लिया है। यह विधेयक 6 मार्च, 2024 को पारित किया गया था और 16 मई, 2025 को नए सिरे से राज्यपाल को भेजा गया था। इस विधेयक का उद्देश्य उच्च आय अर्जित करने वाले मंदिरों से प्राप्त होने वाले धन के साझा कोष (कॉमन पूल फंड) को बढ़ाना है। इसके तहत एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाली धार्मिक संस्थाओं की सकल आय 10 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रावधान है। विधेयक में केवल अधिसूचित श्रेणी-सी के धार्मिक संस्थानों को सहायता अनुदान देने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि प्रबंधन समिति के चार सामान्य सदस्य विश्वकर्मा हिंदू मंदिर वास्तुकला और मूर्तिकला में कुशल होने चाहिए।

## रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट में दौरा



**बरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट रायबरेली का शनिवार को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। पंकज ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होने सर्वप्रथम आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट के द्वारा पिछले वर्ष किये गये रिकॉर्ड उत्पादन के लिए बधाई दी। साथ ही, उन्होने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में पहियों के उत्पादन को इस साल 60 हजार करने एवं इसको क्रमशः हर वर्ष बढ़ाते हुए 80 हजार एवं इससे अधिक पहियों के उत्पादन तक ले जाने के लिए निर्देशित किया। अपर सदस्य ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवाल, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग, आदि को बारीकी से समझा तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया और इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों से मशीन की कार्यप्रणाली के संबंध में बातचीत की। विशेष रूप से आरेडिका में लगी नई मशीनों की संचालन प्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीएफए बीएल मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, पीसीएमओ डा0 आभा जैन एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट के प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्र ने अमृत योजना के तहत दिल्ली जल बोर्ड के लिए 800 करोड़ रुपये मंजूर किये

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने एक प्रमुख वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में, हाल में अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) योजना के तहत दिल्ली जल बोर्ड के लिए 800 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, ताकि शहरभर में झुग्गी-झोपड़ियों और अनाधिकृत कॉलोनियों में सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराए जा सकें। इस महीने की शुरुआत में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत अमृत योजना की शीर्ष समिति के बीच एक बैठक हुई थी, जिसमें यमुना सफाई परियोजना के तहत धनराशि को मंजूरी दी गई थी। प्रस्ताव के अनुसार, यमुना नदी के समग्र सुधार के लिए अमृत योजना के अंतर्गत झुग्गी-झोपड़ियों वाले क्षेत्रों में लगभग 13,000 नए सीवर कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। एक आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया है, ''केंद्र शासित प्रदेश (दिल्ली) को यमुना पुनरुद्धार और सीवरेज प्रबंधन के लिए समग्र रूप से काम करने और इसके पुनः उपयोग के लिए स्पष्ट प्रसंस्करण रणनीति बनाने की भी सलाह दी गई।'' दिल्ली में भाजपा के नेतृत्व वाली नयी सरकार के पहले बजट में जल एवं सीवरेज क्षेत्र को 9,000 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा हिस्सा दिया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट में सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) की मरम्मत के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

## केरल में भारी बारिश जारी रहेगी, कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट



**तिरुवनंतपुरम :** केरल में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को राज्य के कई जिलों के लिए 'रेड' और 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया। आईएमडी ने कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए रेड अलर्ट तथा राज्य के बाकी 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, रविवार के लिए पांच जिलों में रेड अलर्ट और नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार के लिए केरल के 11 जिलों में रेड अलर्ट और तीन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले, दिन में आईएमडी ने राज्य में मानसून के आगमन की पुष्टि की, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी आगमन है। आईएमडी के अनुसार, मानसून सामान्य से आठ दिन पहले आ गया और इससे पहले ऐसा 23 मई 2009 को हुआ था। 1975 के बाद 19 मई 1990 को भी मानसून का जल्दी आगमन हुआ था। शनिवार को केरल में तेज हवाओं और रातभर हुई भारी बारिश के कारण कई पेड़ गिर गए, बिजली के खंभे उखड़ गए, फसलें नष्ट हो गईं और सड़कें जलमग्न हो गईं। पेड़ों के गिरने के कारण राज्य के कई हिस्सों में कुछ मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए।

## मेइती समूह मणिपुर के राज्यपाल का बहिष्कार करेगा, सविनय अवज्ञा अभियान शुरू करने की तैयारी

**इंफाल :** मणिपुर में एक प्रमुख मेइती समूह ने रविवार से सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। सरकारी बस से राज्य का नाम हटाने के लिए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला द्वारा कथित तौर पर माफी मांगने से इनकार करने के विरोध में समूह ने यह ऐलान किया। शनिवार को एक बयान में, 'कॉर्डिनेटिंग कमेटी ऑफ मणिपुर इंटेग्रिटी' (सीओ-सीओएमआई) ने कहा कि राज्यपाल को सार्वजनिक रूप से माफी जारी करने के लिए दी गई 48 घंटे की समय सीमा समाप्त हो गई है। समिति ने कहा कि यह घटनाक्रम (राज्यपाल के) जमीनी हकीकत से कटे होने और लोगों की भावनाओं के प्रति उनके तिरस्कार की पुष्टि करता है। बयान में कहा गया है, अब सभी सार्वजनिक, नागरिक व सांस्कृतिक मंच राज्यपाल का बहिष्कार कर रहे हैं और कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तक उन्हें न तो किसी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करेगा और न ही उस समारोह में हिस्सा लेगा, जिसमें राज्यपाल शामिल होंगे। सीओ-सीओएमआई ने राज्य के जिलों में अहिंसक जन विरोध प्रदर्शन, रैलियां, मशाल जुलूस और धरना आयोजित करने की योजना की भी घोषणा की। संगठन ने सभी लोगों से प्रशासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा अभियान के तहत केंद्र सरकार के कार्यालयों के साथ सहयोग बंद करने का आग्रह किया। राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को उखरुल जिले में 'शिरुई लिली' उत्सव को कवर करने के लिए पत्रकारों को ले जा रही एक सरकारी बस को कथित तौर पर रोक दिया था, और सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय (डीआईपीआर) के अधिकारियों को खिड़की पर लिखे राज्य के नाम को सफेद कागज से छिपाने के लिए मजबूर किया था।

## सन ऑफ सरदार और जय हो में अभिनय से लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता मुकुल देव का निधन



**मुंबई :** 'सन ऑफ सरदार', 'यमला पगला दीवाना' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में अभिनय से लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता मुकुल देव (54) का निधन हो गया। उनके भाई और अभिनेता राहुल देव ने शनिवार को यह जानकारी दी। राहुल देव ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मेरे भाई मुकुल देव का कल रात नयी दिल्ली में खराब स्वास्थ्य के कारण निधन हो गया। मुकुल देव के करीबी मित्र और अभिनेता विंदू दारा सिंह के अनुसार अभिनेता ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''वह पिछले आठ-दस दिन से अस्वस्थ थे। वह अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख रहे थे और अपनी मां के निधन के बाद से अवसाद में थे। हम 'सन ऑफ सरदार 2' के फोटोशूट के लिए मुकुल का इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन उसने हमारे फोन उठाना बंद कर दिया था।'' उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम पांच बजे निजामुद्दीन पश्चिम स्थित दयानंद मुक्ति धाम श्मशान घाट में किया जाएगा। पूर्व मॉडल मुकल देव के परिवार में उनकी पूर्व पत्नी शिल्पा देव से हुई बेटी सिया देव है। मुकुल देव ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत वर्ष 1996 में आई फिल्म 'दस्तक' से की थी, जिसमें उनके साथ सुष्मिता सेन और शरद कपूर थे। उन्होंने हिंदी, पंजाबी, बांग्ला और तेलुगु फिल्मों में बड़े पैमाने पर सहायक भूमिकाएं निभाई। उनकी प्रमुख फिल्मों में अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार', सलमान खान की 'जय हो', धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल की 'यमला पगला दीवाना', 'कोहराम', 'आर... राजकुमार' और 'वार छोड़ ना यार' शामिल हैं। उन्होंने वर्ष 2017 में हंसल मेहता की समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्म 'ओमेर्ता' के लिए सह-लेखक के रूप में काम किया था। मेहता ने मुकल देव के निधन पर सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर शोक जताया। मेहता ने 'इंस्टाग्राम' पर मुकुल की एक फोटो साझा करते हुए लिखा, यह ठीक नहीं किया मुकुल मेरे दोस्त अभी तो और भी कितनी कहानियां बाकी थीं, और भी कितनी हंसी बाकी थी।''

## राहुल ने पुंछ में पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से मुलाकात की



**पुंछ :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के पीड़ितों से शनिवार को मुलाकात की। उन्होंने गोलाबारी से हुई क्षति को एक ''बड़ी त्रासदी'' बताया और पीड़ितों की व्यथा को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का संकल्प लिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने पुंछ का दौरा किया और प्रभावित लोगों से एक घंटे से अधिक समय तक बातचीत की। इनमें सात मई से 10 मई के बीच हुई गोलाबारी में अपने सदस्यों को खोने वाले परिवार भी शामिल थे। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''यह एक बड़ी त्रासदी है। कई लोगों की जान चली गई। उन्होंने (पाकिस्तानी सेना ने) आम नागरिकों के स्थानों पर हमला किया है। मैंने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे उनके मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने को कहा है, जो मैं करूंगा।'' उन्होंने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से आज मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान - ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है।'' गांधी ने कहा, ''पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा हूं - उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर जरूर उठाऊंगा।'' उनके साथ जम्मू-कश्मीर के जल शक्ति मंत्री जावेद अहमद राणा, पार्टी के जम्मू कश्मीर मामलों के प्रभारी महासचिव सैयद नासिर हुसैन, पार्टी महासचिव जी ए मीर, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा और पूर्व मंत्री वकार रसूल वानी और लाल सिंह सहित अन्य नेता भी थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता का पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद से केंद्र शासित प्रदेश का यह दूसरा दौरा है। उस आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। गांधी ने आतंकवादी हमले में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए 25 अप्रैल को श्रीनगर का दौरा किया था। उन्होंने तब जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और कई अन्य लोगों से मुलाकात की थी।

## ईंधन ले जा रहा लाइबेरियाई जहाज केरल तट के पास खतरनाक स्तर तक झुका, सामग्री समुद्र में गिरी



**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि :** ईंधन ले जा रहे लाइबेरिया के एक मालवाहक जहाज के शनिवार दोपहर केरल तट से 38 समुद्री मील दूर खतरनाक स्तर (28 डिग्री) तक झुक जाने से जहाज पर रखी सामग्री समुद्र में गिर गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने मालवाहक जहाज के कंटेनरों और तट की ओर बहकर आने वाले तेल को न छुने को कहा है। रक्षा विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, 184 मीटर लंबा 'एमएससी एल्सा 3' जहाज शुक्रवार को विड़िणगम बंदरगाह से कोच्चि के लिए रवाना हुआ और 24 मई को अपराह्न करीब एक बजकर 25 मिनट पर जहाज के मालिकाना हक वाली कंपनी ने भारतीय अधिकारियों को सूचित किया कि यह 26 डिग्री तक झुक गया है और तत्काल सहायता की जरूरत है। विज्ञप्ति में बताया गया कि तटरक्षक बल संकटग्रस्त मालकवाहक जहाज के पास बचाव कार्यों का समन्वय कर रहा है और जहाज पर सवार चालक दल के 24 सदस्यों में से नौ लोग जीवनरक्षक नौका पर सवार थे। विज्ञप्ति के मुताबिक, चालक दल के शेष 15 सदस्यों को बचाने के लिए अभियान जारी है। विज्ञप्ति में बताया गया, भारतीय तटरक्षक विमान (डोर्नियर) ने मालवाहक जहाज के पास अतिरिक्त जीवनरक्षक नौकाएं उतारी हैं, ताकि आगे की निकासी में आसानी हो। मालवाहक जहाज के प्रबंधकों को जहाज के लिए तत्काल बचाव सेवाएं प्रदान करने के निर्देश जारी किए गये हैं।

# गिल भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान बने, शमी इंग्लैंड दौरे से बाहर

### जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड में सभी पांच टेस्ट के लिये उपलब्ध नहीं होंगे : अगरकर

**मुंबई :** सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड दौरा बड़ी चुनौती है और उसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सभी पांच टेस्ट के लिये उपलब्ध नहीं होंगे। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने शनिवार को 18 सदस्यीय टीम का ऐलान करते हुए कहा कि बुमराह को 20 जून से लीड्स में शुरू हो रही श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट खेलने के लिये मेडिकल स्टाफ और फिजियो से हरी झंडी नहीं मिली है। उन्होंने कहा, 'जैसा कि फिजियो और डॉक्टरों ने हमें बताया है, मुझे नहीं लगता कि वह पांचों टेस्ट के लिये उपलब्ध होगा।' बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिये आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर और टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार जीता था।



**मुंबई :** शुभमन गिल को शनिवार को बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत को इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम के नेतृत्व पर चयनकर्ताओं का यह फैसला अपेक्षित था। इन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी जिसमें इंग्लैंड में उसकी कड़ी परीक्षा होगी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 20 जून से लीड्स में शुरू होगी। 25 साल के गिल भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान होंगे। मंसूर अली खान पटौदी (21), सचिन तेंदुलकर (23), कपिल देव (24) और रवि शास्त्री (25) ने उन से कम उम्र में देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद कहा, 'पिछले साल या उससे भी पहले हमने शुभमन (नेतृत्व के लिए) पर नजर रखना शुरू कर था।

## जल्दी ही खेलो इंडिया पूर्वोत्तर खेल शुरू करेगी सरकार : मांडविया

**नयी दिल्ली :** सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम को विस्तार देते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को ऐलान किया कि सरकार जल्दी ही पूर्वोत्तर राज्यों के लिये सालाना खेलो इंडिया खेल की शुरूआत करेगी। मांडविया ने भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इनवेस्टर्स समिट' के दौरान कहा कि पूर्वोत्तर के आठ राज्य अरूणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा बारी बारी से खेलों की मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया युवा खेलों और यूनिवर्सिटी



खेलों की तर्ज पर हर साल पूर्वोत्तर के राज्यों के लिये खेलो इंडिया पूर्वोत्तर खेल होंगे जिससे हमें प्रतिभा और संभावना को तलाशने में ही मदद नहीं मिलेगी बल्कि हमारे पारंपरिक खेलों को एक मंच भी मिलेगा।' राष्ट्रमंडल खेल 2030 और ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लक्ष्य को ध्यान में रखकर मांडविया ने कहा कि भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में साल भर अंतरराष्ट्रीय स्पर्धायें होनी चाहिये। उन्होंने कहा, 'जिस तरह से पूर्वोत्तर में विकास हो रहा है, खेल उद्योग और खेल का इकोसिस्टम विकसित हो रहा है, वह दिन दूर नहीं जब दुनिया पूर्वोत्तर में खेलने आयेगी।' मांडविया ने कहा , 'आज भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पूर्वोत्तर से आते हैं। वे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और भारतीय खेलों को आगे ले जा रहे हैं।'

### संजू एमएस, पवन थाईलैंड ओपन मुक्केबाजी में जीते

बैकॉक : राष्ट्रीय खेलों के कांस्य पदक विजेता संजू एमएस और रजत पदक विजेता पवन बर्थवाल ने चौथे थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शनिवार को अपने अपने मुकाबले जीते। संजू ने जापान के सारी कोकुफू को 5 . 0 से हराया और अब वह महिलाओं के 60 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। वहीं सेना के बर्थवाल ने थाईलैंड के टी साएंगफेत को पुरूषों के 55 किलोवर्ग में 4 . 1 से मात दी। भारत ने विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में हो रहे टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय दल भेजा है।

## श्रीकांत छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे

**कुआलालंपुर :** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, 'मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं।' श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है।



### नारायण प्रणव ने सुहल विश्व कप में एयर राइफल में कांस्य जीता

सुहल (जर्मनी) : भारत के युवा निशानेबाज नारायण प्रणव ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में शनिवार को पुरूषों की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतकर भारत को पांचवां पदक दिलाया। खेलो इंडिया युवा खेलों के चैम्पियन ने फाइनल में 227 . 9 स्कोर किया। वह अमेरिका के ब्रेडेन पीसेन (250) और चीन के हुआंग लिवांलिन (250.3) से पीछे रहे।










वर्ष 10, पूर्णांक 4246 अंक 056, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in